
एडीएम नमामि गंगे को ज्ञापन देते राजस्व संग्रह अमीन। अमृत विचार

## संग्रह अमीन का पद जोखिम वाला घोषित करें

**चित्रकूट।** उप्र राजस्व संग्रह अमीन संघ की जिला इकाई ने प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को दस सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि नियमित हुए संग्रह अमीनों के सेवाकाल में पूर्व की सेवा भी समायोजित हो। संग्रह अमीन का पद जोखिम वाला घोषित किया जाए।

जिलाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, मंत्री उदयभान सिंह यादव, कोषाध्यक्ष रहमान, उपमंत्री विद्या सागर सिंह के साथ संग्रह अमीनों ओम प्रकाश, सगीर अहमद आदि ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को सीएम को संबोधित ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सामयिक संग्रह अमीन से नियमित हुए संग्रह अमीनों के सेवाकाल में विनियमितीकरण के पूर्व का सेवाकाल समायोजित करते हुए वेतन एवं पेंशन निर्धारण की जाए। इसके अलावा ग्रेड वेतन 2400 दिए जाने, मोटरसाइकिल भत्ता, रिक्त संग्रह अमीन एवं अनुसेवक के पदों को सामयिक संग्रह अमीन एवं अनुसेवक से एक ही बार में भरने, संग्रह अमीन के पद को जोखिम का पद घोषित करने, राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति संग्रह अमीन एवं लेखपाल संवर्ग के पदों के सापेक्ष 1/3 अनुपात के अनुसार अर्थात 33 फीसदी पदों पर पदोन्नति की व्यवस्था, इच्छुक संग्रह अमीनों को एसडीएम की संस्तुति पर शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किए किए जाएं।

## कथावाचक ने समझाई अवतारों की प्रासंगिकता

**चित्रकूट।** तरौंहा में भारद्वाज निवास में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने कथा प्रसंगों से श्रोताओं को भगवान विष्णु के अवतारों की प्रासंगिकता समझाई। बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के कई प्रमुख कारण थे। इसमें एक कंस वध भी था। कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राहि-त्राहि जब करने लगी, लोग भगवान से गुहार लगाने लगे तब श्रीकृष्ण अवतरित हुए। कंस ने कई बार शक्तिशाली योद्धाओं को भेजा पर सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा भी सुनाई। आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।


नवलेश दीक्षित।

# सपा प्रत्याशी शिवशंकर का टिकट बदलने के कयास

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा का उम्मीदवार घोषित होने के बाद शुरू हुई बदलाव की चर्चा
- सपा नेताओं का दावा भाजपाई हार देख उड़ा रहे हैं अफवाह

**अमृत विचार।** बांदा- चित्रकूट लोकसभा सीट पर सपा और भाजपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। अब बसपा की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा होना शेष है। इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने सपा उम्मीदवार की जीत के लिए कवायद तेज क दी है तो भाजपाई भी इस सीट पर जीत दर्ज कर सर्वाधिक बार इस सीट से भाजपा की जीत का रिकार्ड बनाने को लालायित हैं। सपा और भाजपा दोनों के उम्मीदवार कुर्मी जाति के हैं। सपा ने पहले शिवशंकर सिंह पटेल को मैदान में उतार दिया था। इसके बाद भाजपा ने भी वर्तमान सांसद आरके पटेल के नाम घोषणा की। इन सबके बीच ही अब यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा अपने उम्मीदवार का टिकट काट सकती है। हालांकि जिले में पार्टी के कद्दावर नेता इस संभावना को सिरे से खारिज करते हैं। उनका कहना है कि यह महज कयास हैं और भाजपाई अपनी संभावित हार को देखते हुए यह अफवाह उड़ा रहे हैं।

सपा ने अपना प्रत्याशी सबसे पहले घोषित किया। पार्टी ने बबेरू निवासी पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल पर दांव लगाया है। सपाई इस बात का दावा करते हैं कि शिवशंकर पटेल की स्वच्छ छवि से जनता उनको समर्थन देगी। वैसे तो आमतौर पर भाजपा प्रत्याशी चयन में देरी करती है लेकिन इस बार पहली लिस्ट में ही बुंदेलखंड की सभी सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने बांदा-चित्रकूट लोस सीट से वर्तमान एमपी आरके सिंह पटेल पर विश्वास जता दिया। ऐसे में फिलहाल इस सीट से कुर्मी जाति के दो उम्मीदवार आमने सामने हैं। एक आंकड़े के अनुसार, कुल मतदाताओं में लगभग 14 फीसदी कुर्मी हैं और इनका एकमुश्त वोट किसी भी प्रत्याशी की जीत- हार में भारी भूमिका अदा करता है। बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में लगभग एक लाख 35 हजार मतदाता इसी कुर्मी जाति से आते हैं। अब तक कुर्मी जाति के पांच उम्मीदवार चुनाव जीत चुके हैं। चित्रकूट जिले में चुने गए विधायकों में से भी इसी जाति के विधायकों की संख्या अच्छी खासी है। विधानसभा चुनाव में सदर सीट से सपा उम्मीदवार अनिल प्रधान ने भाजपा के तत्कालीन राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को 20 हजार से भी ज्यादा मतों से हराया था। ऐसे में यह बात महत्वपूर्ण हो जाती है कि अगर भाजपा और सपा का प्रत्याशी इस जाति के हैं तो कहीं वोटों में सेंधमारी न हो जाए और बंट न जाए। इन्हीं चर्चाओं के बीच ही सपा के उम्मीदवार बदलने की चर्चा भी चल रही है। हालांकि सदर विधायक अनिल प्रधान कहते हैं कि ऐसा होगा नहीं। जहां तक उनको पता है 99.99 फीसदी तय है कि पार्टी के प्रत्याशी शिवशंकर सिंह ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान सपा को मिले वोटों की संख्या ही जाहिर करती है कि वह भाजपा से बहुत आगे हैं। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव भी प्रत्याशी बदलाव की संभावना से इंकार करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा से ऊबे लोग इस बार सपा को वोट करेंगे। सपाइयों में उत्साह है और यही उत्साह जीत में बदलेगा। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव भी कहते हैं कि बांदा-चित्रकूट जिले के सपाई जोरशोर से प्रचार में जुटे हैं। रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे में प्रत्याशी बदलाव की बात कहां से उठी पता नहीं। सपा नेताओं का यह भी कहना था कि आसन्न हार को देखते हुए भाजपाई ही यह अफवाह उड़ा रहे हैं, जिससे प्रत्याशी बदल दिया जाए। इन सब बातों के बीच सपा के सूत्रों की मानी जाए तो अभी कुछ भी हो सकता है। एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि भाजपा के सभी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद एक बार शीर्ष नेतृत्व सभी सीटों की फिर समीक्षा करेगा और फिर फाइनल होगा। अभी सब कुछ फिफ्टी-फिफ्टी मानें।

### उठाएंगे मासूमों के प्रति संवेदनहीनता का मुद्दा

सपा के रणनीतिकार बताते हैं कि चुनाव में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में चार मासूमों की मौत का मुद्दा भी उठाएंगे। जनता को बताएंगे कि इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी मृतकों के घर भाजपा का कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं गया। उनके मुख से संवेदना के दो बोल नहीं फूटे।

### पूर्णतया स्वस्थ हैं शिवशंकर: जिलाध्यक्ष

बीमारी की वजह से शिवशंकर सिंह के मेदांता में भर्ती होने की बात कही जा रही थी। जिलाध्यक्ष का कहना है कि अब वह स्वस्थ होकर घर आ गए हैं। बीते दिनों उन्होंने बांदा और बबेरू में कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की रणनीति बनाई है। सात मार्च को चित्रकूट विस क्षेत्र का सम्मेलन होगा और 10 को मऊ–मानिकपुर विस क्षेत्र में भी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि दोनों ही सम्मेलनों में पार्टी प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल मौजूद रहेंगे और बूथ लेवल तक के कार्यकर्ताओं के साथ जीत की रणनीति बनाएंगे।

# चालक को बंधक बनाकर लूटी थी कार, छह आरोपी गिरफ्तार

## मरीज को अस्पताल ले जाने के बहाने बुक कराई थी कार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** बीमार को दिखाने के लिए कार बुक की और फिर मालिक को बंधक बनाकर कार लूट ले गए। गढ़वा गांव के जंगल के पास हुई इस वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे कार, घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल के साथ असलहे बरामद किए गए हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि 28/29 फरवरी की रात बल्लभनगर सतना रोड मैहर निवासी रामलाल सोनी से गढ़वा गांव जाने वाले रास्ते में बदमाशों ने तमंचा लगाकर हाथ-पैर बांधकर नई कार लूट ली थी। इसकी थाना मऊ में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बताया कि एसओजी प्रभारी एवं प्रभारी निरीक्षक मऊ को इसके जल्द खुलासे के लिए निर्देशित किया था। संयुक्त टीम ने मंगलवार की भोर लगभग साढ़े चार बजे टिकरा गांव के बाहर शिवम पटेल के डेरा से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसे लूट की कार, तमंचा-कारतूस, तीन मोबाइल और घटना में प्रयुक्त की गई बाइक बरामद की गई।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद नई कार। अमृत विचार

### पैसा कम मिलता था तो की वारदात

एसपी के अनुसार, आरोपियों ने बताया कि वे लोग पहले पूना में एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। वहीं एक दूसरे से परिचय हुआ। पैसा कम मिलने की वजह से लूट की साजिश की। फरवरी में पूना से चलकर मानिकपुर होते हुए चित्रकूट आए थे। यहीं पर दो और लोग मिले, जो पहले पूना में काम करते थे। 28 फरवरी को सभी ने मैहर में कार बुक कराई और साथी को बीमार बताकर अस्पताल ले चलने के बहाने इसके मालिक को बरगढ़ चौराहे पर ले आए। वहीं पर अन्य साथियों को बुला लिया। परानु बाबा के पास जंगल में रात में कार चालक मालिक से मारपीट की और हाथ पैर बांधकर पेड़ से बांध दिया। बताया कि कार अजरौली थाना धाता( फतेहपुर) में सत्येंद्र पाठक को दी थी, जो अपने ट्यूबवेल में इसे छिपाए था। घटना में सात लोग शामिल थे।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

आरोपियों की बात करें तो शिवम पटेल पुत्र श्रीनाथ और अजीत पटेल पुत्र देवमूरत, टिकरा गांव के रहने वाले हैं। सोनू साहू पुत्र गनेश साहू और रवि लोनिया पुत्र बृजेश लोनिया, मध्य प्रदेश के रीवा जिले के थाना ताला के गोविंदगढ़ के निवासी हैं। इसी तरह आफताब अंसारी पुत्र एजाज अंसारी निवासी पीथाकियारी, निरसा की चट्टी, थाना निरसा, जिला धनबाद ( झारखंड) और सत्येंद्र पाठक पुत्र महादेव पाठक निवासी अजरौली थाना धाता जिला फतेहपुर के रहने वाले हैं।

### संयुक्त टीम के सदस्य

संयुक्त टीम में एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी,एसओ मऊ अजीत कुमार पांडेय, एसआई विनय विक्रम सिंह, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुशवाहा,नितेश समाधिया, आरक्षी प्रवीण पांडेय, रोहित सिंह, सानू द्विवेदी, आशीष, पवन राजपूत, रोशन सिंह और ज्ञानेश मिश्रा शामिल रहे।

## प्रशासन ने उड़ाया किसानों का मजाक: देवेंद्र सिंह

चित्रकूट कार्यालय

- किसान नेता का आरोप, कहा, भेजी गलत रिपोर्ट

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने प्रशासन पर किसानों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया है। किसान नेता का कहना है कि पता चला है कि प्रशासन ने राहत आयुक्त को भेजी रिपोर्ट में किसानों के नुकसान का आकलन गलत किया है।

देवेंद्र ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से जिले का किसान उबर नहीं पा रहा है। एक तो वह अन्ना मवेशियों के आतंक से परेशान है और उस पर अतिवृष्टि और ओलावृष्टि की मार है। सैकड़ों गांवों में 60 से लेकर 100 फीसदी तक फसल का नुकसान हुआ है। जानकारी प्राप्त हुई है कि राहत आयुक्त को जिला प्रशासन ने भेजी रिपोर्ट में मात्र 10 ग्राम पंचायतों में मात्र 33 फीसदी नुकसान दिखाया है, जो कि सरासर गलत है। सरकार की मंशा क्या है पता नहीं पर किसान दर्द भी नहीं बयां कर पा रहा। किसान गुमसुम होकर उजड़े खेतों को देख रहा है। आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने घरों में बैठकर ओलावृष्टि की रिपोर्ट तैयार की है और राहत आयुक्त को गलत रिपोर्ट भेजी जा रही है। मांग की कि सही मायने में मौके पर कर्मचारियों को भेजकर सर्वे कराया जाए। बताया कि रमपुरिया, चनहट, अर्जुनपुर, मलवारा, ख़टवारा, अनीपुर, दैलापुरवा, मोहरवां, सिद्धपुर, बनाडी, रिहुटिया, पांडेयपुरवा, राजापुर, घुरेटनपुर, भानपुर, बंबरी, सभापुर, बराछ, भरथौल, कोलौंहा, मानपुर, सीकरी अमान, खंडेहा, लवेद, कंधवनिया, बरगदहा, बिहारा, अमरावा, छुलहा आदि में तो 60 से लेकर 100 फीसदी तक चना, मसूर, सरसों, अरहर, गेहूं और अलसी का नुकसान हुआ है।


देवेंद्र सिंह। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### हर गुरुवार को होगा मानचित्र समाधान दिवस

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्र अंतर्गत भवन संबंधी मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के संबंध में प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने दी। आयोजन अपराह्न एक बजे से शाम पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होगा। उन्होंने सभी संबंधितों से इस सुविधा का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### पिता-पुत्र समेत पांच पर लगाया मिनी गुंडा एक्ट

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य ने पांच आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। पुलिस ने सुशील दुबे पुत्र बुद्धीलाल दुबे, विजय कोल पुत्र लालमन, संजय यादव पुत्र विष्णु निवासीगण ग्राम करौदी खुर्द मजरा ओबरी, अंकेश शुक्ल उर्फ छोटू पुत्र सालिकराम और सालिकराम शुक्ल पुत्र अलख नारायण निवासी बरगढ़ के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की।

### सपा ने मनोनीत किए पांच जिला सचिव

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने पांच कार्यकर्ताओं को जिला सचिव मनोनीत किया है। पुरानी बाजार निवासी सुशील श्रीवास्तव और अब्दुल रसीद उर्फ चीनी, असोह निवासी शांतनु सिंह, सगवारा निवासी ब्रह्मानंद पांडेय और करही निवासी जितेंद्र सिंह पटेल को यह जिम्मेदारी मिली है।

### 10 मार्च को हो सकता है एयरपोर्ट का लोकार्पण

**चित्रकूट।** प्रदेश के पहले टेबल टॉप ( पहाड़ियों में स्थित) एयरपोर्ट का लोकार्पण 10 मार्च को संभावित है। जानकारी के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ एयरपोर्ट का लोकार्पण वर्चुअल करेंगे। जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। बीते दिन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने यहां की व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए थे।


कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले चिकित्सक। अमृत विचार

### सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में नेत्र सतह रोग कार्यशाला

**चित्रकूट।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में दो दिवसीय नेत्र चिकित्सीय कार्निया एवं ऑक्यूलर सर्फेस डिजीज ( नेत्र सतह रोग) कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में 40 चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। इसमें आंख के सूखापन, रासायनिक पदार्थों से आंख को होनी वाली क्षति और आंख की सतह पर होने वाली विभिन्न संक्रामक बीमारियों पर चर्चा हुई। इसमें अहमदाबाद के डॉ. जयेश वजीरानी, डॉ. बीके जैन, डॉ. आलोक सेन, डॉ. गौतम सिंह परमा, डॉ. राजेश जोशी, डॉ. नतेंद्र पाटीदार, डॉ. प्रधन्या, डॉ. राकेश शक्या और डॉ. अशोक ने हिस्सा लिया।

### रथयात्रा का तीर्थक्षेत्र में हुआ समापन

**चित्रकूट।** माता शबरी श्री राम रथयात्रा का मंगलवार को तीर्थक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत किया गया। 24 फरवरी को शिवरी नारायण मंदिर से शुरू हुई थी यात्रा यात्रा के संयोजक रविकरण साहू वेलपानी बोर्ड अध्यक्ष के साथ साधु–संतों ने बताया कि देश में सामाजिक समरसता का सत्प्रयास करने की इच्छा से निकाली गई। इस तरह की यात्रा देश के अन्य स्थानों में भी निकाली जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को बेर का प्रसाद भी दिया गया।


रथयात्रा में शामिल साधु–संत।

## अलग-अलग मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली के निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह ने पॉक्सो एक्ट में वांछित मैकू प्रसाद, अनिल कुमार पुत्रगण चुन्नीलाल उर्फ देवीदयाल निवासीगण चितरा गोकुलपुर को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में पॉक्सो एक्ट में वांछित नितिन उर्फ नेता पटेल पुत्र हरीशचंद्र निवासी भगनपुर खोही को गिरफ्तार किया गया। एसआई अंशुल कुमार ने आर्म्स एक्ट के वारंटी रामजी उर्फ मुड़वा पुत्र हरीप्रसाद निवासी बनकट को पकड़ा।

# आवास लाभार्थियों का सत्यापन लंबित, जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार को नगरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर निस्तारण किया। चेयरमैन ने एक बार फिर प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य तहसील स्तर पर लंबित होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने एसडीएम से अनुरोध किया है कि सत्यापन कार्य पूरा कराया जाए।


नगरीय समाधान दिवस में समस्याएं सुनते चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल। अमृत विचार

अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि इस दौरान पानी, बिजली, सड़क, प्रधानमंत्री आवास आदि की समस्याएं सबसे ज्यादा आईं। कई का तुरंत निराकरण करा दिया गया।

अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशानुरूप नगरपालिका में नगरीय समाधान दिवस आयोजित करने का फैसला किया गया है। हर माह पहले और तीसरे मंगलवार को यह आयोजन हो रहा है। बताया कि पूरे प्रदेश में चित्रकूट में ही यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपयोगी साबित हो रहा है और सभी को एक ही जगह अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है। नगरीय समाधान दिवस में मंगलवार को लगभग 57 लोगों के पीएम आवास संबंधी आवेदन भरवाए गए। समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, एसडीओ विद्युत अनिल कुमार, समाज कल्याण विभाग के श्यामबाबू, डीएसओ कार्यालय के जितेंद्र सिंह कुशवाहा, डूडा के जेई राजकुमार, सभासद शंकर यादव, राजकमल वर्मा, चंद्र प्रकाश, अनिल निषाद आदि मौजूद रहे।

देखीं तैयारियां | डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अरुण कुमार ने किया तीर्थक्षेत्र का मुआयना

# महाशिवरात्रि पर सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त कर लें : डीएम

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व और राष्ट्रीय रामायण मेला के मद्देनजर डीएम अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को तीर्थक्षेत्र में व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने अधिकारियों से सब कुछ दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

डीएम ने ईओ लालजी को मत्यगजेंद्र नाथ मंदिर की सीढ़ियों व मंदाकिनी नदी घाटों की सफाई कराने के निर्देश दिए। कहा कि महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश की व्यवस्था करें। उन्होंने वाहन पार्किंग की जानकारी ली और सीओ हर्ष पांडेय को निर्देशित किया कि यूपीटीयू के पास वाहन रोकें। ईओ व चौकी प्रभारी को निर्देशित किया कि दुकानें सड़क पर नहीं लगनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरा, गोताखोर व नावों की व्यवस्था, खोया पाया केंद्र में लाउडस्पीकर संचालन, पुल की सजावट, पूजा सामग्री, बिजली के तार ठीक करने आदि के निर्देश भी दिए। मेला परिसर के मुआयने के दौरान उन्होंने सजावट करने को कहा। निर्देश दिए कि झूला लगाने वाले लोग उप जिलाधिकारी कर्वी से अनुमति लें एवं एसडीएम के साथ पीडब्ल्यूडी व बिजली विभाग के एक्सईएन मुआयना करें। उन्होंने अग्निशमन व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सौरव यादव, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह आदि के अलावा मेला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।


तीर्थक्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम और एसपी । अमृत विचार

### महंत राजू दास करेंगे राष्ट्रीय रामायण मेले का उद्घाटन

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेला के 51वें महोत्सव का उद्घाटन अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी के महंत स्वामी राजूदास करेंगे। आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी मंगलवार को कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया और महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी ने दी। प्रशांत ने बताया कि महोत्सव आठ से 12 मार्च तक होगा। इसमें फिजी देश की रामलीला आकर्षण का केंद्र रहेगी। उद्घाटन अवसर पर जगद्गुरु गोवर्द्धनपीठ कूवीमाय स्वामी अधोक्षजानंद, चित्रकूट के संत मदन गोपाल दास, रामजी दास, दिव्यजीवन दास, दीनदयाल दास आदि महंत मौजूद रहेंगे। बताया कि हैदराबाद के पुट्टपर्ति नागपदमिनी, प्रयागराज के डा. सभापति मिश्र, बांदा के डा. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित, लखनऊ के डा. विद्याबिंदु, सुल्तानपुर के डा. ओंकारनाथ द्विवेदी, डा. श्रीराम परिहार, खंडवा के रमेश तिवारी, रांची के डा. जंगबहादुर पांडेय, मुजफ्फरनगर के रामदेव शर्मा आदि विद्वान रामकथा पर आधारित व्याख्यान देंगे। आठ मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूजा अग्रवाल का कथक नृत्य, नौ को नृत्य कलाग्रह की नृत्य नाटिका, 10 को सांस्कृतिक कला संगम नई दिल्ली की संपूर्ण रामायण पर नाटिका, 11 मार्च को अजय मिश्रा मुंबई का भजन गायन, तृप्ति शाक्या लखनऊ के भजन, सुजाता केशरी का लोकनृत्य, 12 मार्च को मेनिका मिश्रा लखनऊ के लोकगीत आदि कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि इस बार 51वां महोत्सव विशेष होगा। पूरी तैयारी कर ली गई है। पत्रकार वार्ता के दौरान शिवमंगल शास्त्री, राजाबाबू पांडेय, मनोज मोहन गर्ग, राजेंद्र मोहन त्रिपाठी, मो. यूसुफ, कलीमुद्दीन बेग, पप्पू श्रीवास्तव, डा. घनश्याम अवस्थी, हेमेंद्र मिश्रा, इम्तियाज उर्फ लाला आदि मौजूद रहे।



रामायण मेले के कार्यक्रमों की जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

# कक्षा तीन के छात्र से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

- रैपुरा थाना के अंतर्गत एक गांव का है मामला
- शादी समारोह में गया था पीड़ित बच्चा

**अमृत विचार।** रैपुरा थानांतर्गत एक गांव निवासी कक्षा तीन के बच्चे से कुकर्म का मामला सामने आया है। इस संबंध में बच्चे के पिता ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्चे के चिकित्सीय परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, एक गांव निवासी कक्षा तीन में पढ़ने वाले एक बच्चे के साथ गांव के एक किशोर ने सोमवार की रात कुकर्म किया। पीड़ित बच्चे की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बच्चे ने परिजनों को बताया था कि मुहल्ले में बारात आई थी। इसमें वह डीजे में दोस्तों के साथ डांस कर रहा था तभी गांव का आरोपी किशोर मिठाई खिलाने का लालच देकर ले गया। उसने दुकान से शराब लेकर पी और फिर गलत काम किया। उसके चिल्लाने पर दोस्त वहां पहुंचे तो आरोपी ने पीड़ित को थप्पड़ मारे और मुंह बंद रखने की धमकी दी। बच्चों ने घटना को घर में बताने की बात की तो आरोपी ने 500 रुपये का लालच भी दिया। रैपुरा थाने के एसआई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़ित छात्र का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अक्षांश ने पहले ही प्रयास में सीटेट में पाई सफलता

**बांदा** : मेधावी छात्र ने पहले ही प्रयास में केंद्रीय शिक्षक पात्रता (सीटीईटी) परीक्षा अच्छे अंकों से पास करते हुए अपनी मेधा का परचम फहरा दिया। उनकी इस सफलता पर कैरियरविल संस्थान ने समारोह के बीच स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शहर के कैलाशपुरी निवासी अक्षांश त्रिपाठी को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटीईटी में अच्छे अंक प्राप्त करने पर कैरियरविल संस्थान अध्यापिका हिमांशी सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। जनवरी में आयोजित सीटीईटी परीक्षा में अक्षांश ने बीएड की पढ़ाई के साथ पहले ही प्रयास में 123 अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। इस सफलता के साथ ही उन्होंने जनपद को भी गौरवान्वित किया। कैरियरविल द्वारा दिल्ली के शाह आडीटोरियम में मीटअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालयों को सम्मानित किया गया। वर्तमान में अक्षांश गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में अध्ययन कर रहे हैं।

### जिले में 30 मार्च तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा

**बांदा** : जनपद में विभिन्न धार्मिक व राजनीतिक गतिविधियों, बोर्ड परीक्षाओं और आने वाले त्योहारों को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने समूचे जिले में धारा 144 लागू कर दी है। आदेश में डीएम ने कहा है कि 30 मार्च तक जनपद में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। कहा है कि परीक्षा और मूल्यांकन केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल, स्मार्ट फोन, आईटी गैजेट्स, स्कैनर आदि इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। वहीं सामूहिक होलिका दहन के लिए किसी विवादित स्थान का प्रयोग और हरे पेड़ काटकर होलिका दहन नहीं किया जाएगा। होली के त्योहार में दोपहर दो बजे के बाद रंग नहीं खेला जाएगा और होली रंग किसी भी व्यक्ति के ऊपर जबरदस्ती नहीं लगाया जाएगा। डीएम ने कहा कि निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वाले पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### सीएचसी में बने 200 आयुष्मान कार्ड

**नरैनी** : कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बन रहे आयुष्मान कार्ड में सीएचसी अधीक्षक विपिन शर्मा ने कड़ी मेहनत पर आयुष्मान मित्र मलखान के द्वारा एक माह में लगभग दो सौ आयुष्य मान कार्ड बनाए है। जिसे अधीक्षक के द्वारा आज दस लोगो को वितरण किया गया। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के रनखेरा गांव निवासी गगनदीप ( जो आखों से सूरदास है ) को आज आयुष्मान कार्ड दिया गया।

### दुर्घटना में बालक घायल

**नरैनी** : कालिंजर थाना क्षेत्र के परसहर गांव निवासी अनुराग (06) पुत्र धीरू विश्वकर्मा अपने घर के बाहर खेल रहा था। अचानक सामने से आ रही बाइक में टकरा गया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया है।

### सपा नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बबेरू** : तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से चौपट हुई फसलो का सर्वे कराते हुए मुआवजा दिलाए जाने की मांग करते हुये मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर शीघ्र समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। समाजवादी पार्टी से लोकसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी शिव शंकर सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उप जिलाधिकारी नमन मेहता के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गये ज्ञापन मे लोकसभा क्षेत्र बांदा चित्रकूट में तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों की फैसले सरसों चना मसूर अलसी आदि पूरी तरह से चौपट हो गई है। जिससे किसान भुखमरी के कगार पर है शीघ्र चौपट फसलो का मूल्यांकन कर करते हुए मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

# सांसद और मंत्री ने की सीएम से भेंट किसानों के लिए दो करोड़ स्वीकृत

## बांदा के पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने भी की पहल, सीएम और डीएम को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बांदा


पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा।


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदल व राज्यमंत्री रामकेश निषाद।

**अमृत विचारः** हमीरपुर-महोबा लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद और भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने प्रदेश के जलशक्ति राज्य मंत्री व तिंदवारी विधायक रामकेश निषाद के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और किसानों की व्यथा से रूबरू कराया। सांसद और राज्यमंत्री ने सीएम योगी को हालात से अवगत कराया। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा जनपद के किसानों के लिए दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी है।

नेता द्वय ने बताया कि जनपद समेत समूचे चित्रकूटधाम मंडल में बेमौसम हुई बरसात और ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। जिससे तमाम किसान परिवार संकट में आ गए हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार किसानों के घावों पर मरहम लगाते हुए उचित मुआवजा देने पर विचार करे और अन्नदाता को सहारा देने का काम करे। उधर बांदा-चित्रकूट लोकसभा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का स्थलीय सत्यापन कराने और किसानों को उनकी फसल की बर्बादी का वास्तविक मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है।

पूर्व सांसद भैरो मिश्रा ने कहा है कि एक माह के अंतराल में कई बार बेमौमस बारिश और ओलावृष्टि ने अन्नदाता की फसल को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि पिछड़े बुंदेलखंड में जानकारी के अभाव में ज्यादातर किसान फसल बीमा भी नहीं करा पाते, जिससे वह सरकार के मुआवजे पर ही आश्रित हैं। वहीं राजस्व कर्मी तहसील में बैठकर किसान की फसल का सर्वे करके फर्जी रिपोर्ट भेजकर सरकार को गुमराह करते हैं। ऐसे में किसानों की फसल का स्थलीय सत्यापन कराकर वास्तविक फसल क्षतिपूर्ति मुहैया कराई जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

हालांकि प्रदेश की सरकार ने जनपद के किसानों की फसल बर्बादी की भरपाई के लिए दो करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने के निर्देश दिए दे हैं। जहां एक ओर प्रशासनिक अमला बेमौसम हुई बरसात और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को मामूली बता कर अपना पल्ला झाड़ रहा है। वहीं सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर व पत्र लिखकर किसानों के नुकसान की भरपाई करने की मांग बुलंद की है।

### टिकट का जश्न मनाने में मशगूल बांदा सांसद

- जहां हमीरपुर सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल और बांदा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा किसानों की फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उचित मुआवजे की मांग उठा रहे हैं। वहीं बांदा के मौजूदा सांसद और भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार आरके सिंह पटेल अभी तक दोबारा टिकट मिलने के जश्न से ही नहीं उबर पाए हैं। वह तीन दिन से लगातार भाजपा नेताओं के घरों पर जाकर मिठाई खाने-खिलाने और माला पहनने में मशगूल हैं। उन्होंने किसानों के दुख दर्द को समझना भी उचित नहीं माना और न ही अपनी ओर से किसानों को मदद दिलाने को लेकर कोई पहल ही की है। ऐसे में मौजूदा सांसद की ऐसी बेरुखी पर जिले के लोगों के बीच चर्चा का बाजार गरम है।

## चार थानाध्यक्षों 20 उपनिरीक्षकों का तबादला

**बांदा** : पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने चार थानाध्यक्षों समेत 20 निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव पूर्व मटौंध थानाध्यक्ष रामदिनेश तिवारी को अपराध शाखा में भेजा है और पुलिस लाइन्स से निरीक्षक राममोहन राय को मटौंध का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। ऐसे ही थानाध्यक्ष बदौसा अनिल कुमार साहू को अपराध शाखा, महिला थाना प्रभारी सविता श्रीवास्तव को बदौसा थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष चिल्ला मोनी निषाद को महिला थाने की कमान सौंपी है। जबकि कालवनगंज चौकी प्रभारी सुधीर सिंह, ओरन चौकी प्रभारी अजीत प्रताप सिंह व मेडिकल चौकी प्रभारी अर्पित पांडेय को थाना पैलानी भेजा गया है।

चौकी प्रभारी मंडी समिति रोशन गुप्ता, कोतवाली नगर में तैनात कृपाशंकर मिश्रा चिल्ला, थाना मटौंध से अनुग्रह नारायण, दिनेश सिंह, अरविंद कुमार मौर्य को कोतवाली नगर, चौकी प्रभारी कुरसेजा राजेश कुमार मौर्य को बबेरू, चौकी प्रभारी पपरेंदा राकेश कुमार मिश्रा को बिसंडा, थाना चिल्ला से केशवराम को कोतवाली नगर, चौकी प्रभारी खप्टिहाकलां वीरेंद्र त्रिपाठी को अतर्रा, थाना गिरवां से मो.अकरम को मटौंध, बबेरू एसएसआई राजेश कुमार मिश्रा को जसपुरा और थाना तिंदवारी से राकेश द्विवेदी को कोतवाली नगर में तैनात किया है।


ग्रामीणों क बीच एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र। अमृत विचार

## पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर भयमुक्त मतदान का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- अपर पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर ग्रामीणों से दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ने कमासिन थाना क्षेत्र में पोलिंग बूथों तथा फोर्स के रुकने का स्थानों का निरीक्षण किया। लोगों से बातचीत कर भयमुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान का आह्वान किया। कई गांवों का भ्रमण करते हुए गांवों के हिस्ट्रीशीटरों को सख्त हिदायत दी गई।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सकुशल कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने कमासिन थाना क्षेत्र में पड़ने वाले पोलिंग बूथों पंडित केदारनाथ राजाराम महाविद्यालय व जयदेव इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान फोर्स के रुकने वाले स्थानों को देखते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खामियां मिलने पर थानाध्यक्ष को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

अपर एसपी ने गांवों में घूमकर ग्रामीणों से बातचीत करते हुए भयमुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। अपर एसपी ने अति संवेदनशील श्रेणी में शामिल नारायणपुर का भ्रमण करते हुए हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी ली। हिस्ट्रीशीटर भेला पुत्र सियाराम व गुलाब पुत्र रामदास को सख्त चेतावनी दी।

# पत्नी को वीडियो कॉल कर युवक ने फांसी लगा जान दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** पत्नी को वीडियो कालिग करने के बाद पति ने फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के खप्टिहा कलां गांव निवासी अनिल (32) पुत्र रामकिशोर वर्मा चार वर्ष से बल्लभगढ हरियाणा में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। सोमवार की रात वह नशे की हालत में घर आया और गले में रस्सी का फंदा डाल कर पत्नी रोशनी को वीडियो कालिग कर फांसी लगाने की बात कह कर डरवाने लगा। इस पर पत्नी ने मना किया। बीडियो कालिग करते सयम मोबाइल हाथ से छूट गया। अनिल मोबाइल उठाने लगा। इसी बीच उसके गले में फंदा कस गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनो ने घटना की जानकारी कुछ दूर पर रह रहे दूसरे भाई विमल को दी गई। मौके पर पहुंचे विमल ने देखा तो दरवाजे बंद थे। किसी तरह दरवाजा तोड़ कर वह अंदर पहुंचा। देखा तो अनिल का शव फंदे पर लटक रहा था। मृतक दो भाईयो में बड़ा था। उसके एक पुत्री है। बताया जाता है कि अनिल नशे का आदी था।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खा जान दी

**बांदा** : बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी रामनिहोर पटेल (24) पुत्र सुखदेव ने सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा रोहित पटेल ने बताया कि रामनिहोर किसानी करता था।

### दो ने फांसी लगाई, युवती की मौत

पैलानी-बांदा : पैलानी व तिंदवारी थाना क्षेत्रों में युवती समेत दो ने फांसी लगा ली। युवती की फंदे पर लटके होने से मौत हो गई। जबकि युवक को फंदा काटकर अस्पताल भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र के बड़ागांव के मजरा जयपालपुर निवासी पुष्पा (18) पुत्री रामपाल निषाद को मंगलवार की सुबह काम काज न करने को लेकर मां संतोष कुमारी ने डाट दिया। मां की डांट पुष्पा को नागवार गुजरी मां मवेशियों को चारा रखने चली गई। इसी बीच मौका पाते ही पुष्पा घर से पांच सौ मीटर दूर जंगल पहुंच गई। उसने नीम के पेड़ पर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मां घर पहुंची तो देखा पुष्पा घर पर नहीं थी। वह खोजबीन करते हुए जंगल पहुंच गई। देखा तो पुष्पा का शव नीम के पेड़ पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं थानाध्यक्ष पैलानी संदीप सिंह पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगली कार्रवाई की जाएगी। उधर, तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा खैरीहार निवासी उमेश (35) पुत्र हरीशचंद्र ने सोमवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया। परिजनो ने देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार अस्पताल में भर्ती कराया।


बच्चों को पुरस्कृत करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम शिक्षक-छात्र ने मिलकर मनाया

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** ब्लाक संसाधन केंद्र महुआ-निपुण भारत मिशन योजना के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जनसमुदाय को जागरूक करने हेतु-ब्लॉक स्तरीय-हमारा आंगन-हमारे बच्चे-उत्सव प्राथमिक विद्यालय महुआ-2 मे आयोजित किया गया

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन व खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पटेरिया के नेतृत्व में ब्लाक संसाधन केंद्र महुआ अंतर्गत निपुण भारत मिशन योजना के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा आधारित प्रयासों से जनसमुदाय को जागरूक करने हेतु ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय महुआ-2 मे मनाया गया। शशांक शेखर मिश्र, सौरभ आर्या, एसआरजी जय किशोर दीक्षित हेड मास्टर प्राथमिक विद्यालय महुआ ने कार्यक्रम में आए आंगनबाड़ी के बच्चों व आंगनबाड़ियों और चयनित निपुण प्राथमिक विद्यालय के बुलाए गए बच्चों व उनके साथ आए शिक्षकों अभिभावक तथा समुदाय के सदस्यों तथा ग्राम प्रधान बेटालाल श्रीवास के साथ आए समुदाय के सदस्यों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। सभी निपुण व आंगनबाड़ियों के बच्चों को पेन, बैज व बैग आदि देकर वर्तमान सफलता को आधार बनाकर बच्चों को उत्साहित करते हुए आगे की कक्षा हेतु हौसलाअफजाई की गई। सभी के लिए लेखाकार दानिश द्वारा चाय नाश्ते व भोजन की बेहतर व्यवस्था की गई। डॉ आनंद कुमार एआरपी विवेक कुमार गुप्ता एआरपी बलभद्र राजपूत ,प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, हिमांशु निगम, हर्षित, चन्द्र शेखर तिवारी आदि ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया।

## कृष्ण जन्मोत्सव पर थिरके श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन
- पंडाल जय श्री कृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा

**अमृत विचारः** श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्म होते ही भक्त जमकर झूमे। पंडाल जयश्री कृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के साथ वामन अवतार, राजा अंबरीष का वर्णन किया।

नगर स्थित शीतला धाम मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा व्यास आचार्य अभिषेक शुक्ला ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुजनों में भक्ति का संचार किया। उन्होंने राजा अंबरीष का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि राजा का मन सदा के लिए कृष्ण के श्री चरणकमलों में लगा हुआ था। वाणी उन्हीं का गुणानुवाद में लगी रहती थी। जिनके हाथ जब भी उठते श्री भगवान के मंदिर की सफाई के लिए ही उठाते और कान सिर्फ भगवान की कथा सुनने को आतुर रहते थे। उनकी आंखें सदैव हरि मूर्ति दर्शन को प्यासी रहती थी और शरीर से भक्तों की सेवा में ही लगे रहना चाहते थे।


कथावाचन करते पं. अभिषेक शुक्ला।

उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। श्रीकृष्ण जन्म होते ही नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की बधाई गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा। सभी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया। कथा के दौरान श्रद्धालु झूम कर नाचे और पुष्पवर्षा कर मिठाइयां बांटी।

कथा व्यास ने कहा कि जब भी पृथ्वी पर कोई संकट आता है, तो भगवान अवतरित होकर उस संकट को दूर करते हैं। संगीतकार चंद्रशेखर तिवारी के संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर पंडित राजेश शुक्ला, रामायणी जगदीश त्रिवेदी, अशोक त्रिवेदी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी, प्रमोद कुमार आदि प्रमुख उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड किसान यूनियन का किसान हित में धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, नरैनी-बांदा

**अमृत विचारः** बुंदेलखंड किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अतिवृष्टि, ओलावृष्टि से तबाह हुए किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग लेकर तहसील में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

बुंदेलखंड किसान संगठन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण कुमार शर्मा की अगुआई में क्षेत्रीय गांवों के दो दर्जन से अधिक किसान तहसील में उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। ओलावृष्टि और बारिश से चैपट हुई फसल का मुआवजा दिलाने को लेकर नारेबाजी की। विरोध-प्रदर्शन और नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार हेमंत पटेल को सौंपा। मांग पत्र में बताया गया है कि दो और तीन मार्च को हुयी अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से किसानों की विभिन्न फसलों का बड़ा नुकसान हुआ है। किसानों की 80 से 100 फीसदी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

किसानों ने लेखपाल व कर्मचारियों द्वारा सही जांच न करने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र का किसान पहले ही कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है, यदि शीघ्रता से किसानों को राहत नही दी गई तो किसानों की हालत बद से बदतर हो जाएगी। इस मौके पर यूनियन के मंडल अध्यक्ष अनिल शास्त्री के अलावा बिरौना, नीबी, नौगवां, सढ़ा, गुढाकलां आदि गांवों के किसान मौजूद रहे।

**निर्देश निर्गत** | संभागीय प्राधिकरण की बैठक में चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त ने की बैठक

# परिवहन के लिए 53 नए परमिट पर किया गया विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी की मौजूदगी में संभागीय परिवहन प्राधिकरण चित्रकूटधाम की बैठक में 53 नए परमिट स्वीकृत करने पर विचार किया गया। शेष अन्य मामलों पर जांच के बाद आख्या सहित अगली बैठक में संबंधित परिवहन अधिकारियों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।


बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बीके त्रिपाठी। अमृत विचार

मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की मौजूदगी में सभागार में संभागीय परिवहन प्राधिकरण चित्रकूटधाम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मार्गों के लिए 67 नए आवेदनपत्र परिवहन के वास्ते, एक परमिट हस्तानांतरण के लिए और दो मार्ग वृद्धि के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। इन आवेदनों पर विचार किया गया। 53 नए परमिटों की स्वीकृति के लिए विचार किया गया। इससे परिवन व्यवस्था सुधरेगी।

मंडलायुक्त बीके त्रिपाठी ने शेष अन्य मामलों पर जांच के उपरांत आख्या सहित आगामी बैठक में संबंधित परिवहन अधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में डॉ. विजय कुमार उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र कानपुर, संत देव सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी चित्रकूटधाम संभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जन सुनवाई व पेंशन अदालत पहली अप्रैल को

- **बांदा** : आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में अगले माह पहली अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे आयुक्त कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों, कर्मचारियों के लंबित देयकों के संबंध में जन सुनवाई पूर्व की भांति आयोजित होगी। संयुक्त निदेशक कोषागार एवं संयोजक पेंशन अदालत ने बताया कि पेंशन अदालत में संबंधित वाद निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जन सुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र दो प्रतियो में अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन कार्यालय में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 14 मार्च तक दिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत से संबंधित वाद पत्र एवं जन सुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय को भी उपलब्ध कराएगे।

## ब्राह्मण को मिले लोकतंत्र में हिस्सेदारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- चित्रकूट में सात मार्च को होगा ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन

**अमृत विचारः** अखिल भारत ब्राह्मण महासभा (रा) के तत्वावधान में 7 मार्च को धर्मनगरी चित्रकूट में ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चना उपाध्याय ने बताया है कि बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिवेश में सियासी दल जिस तरह से ब्राह्मण समाज को कमजोर आंक रहे हैं, उससे यह महसूस होने लगा है कि अब समाज को एकजुट होकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करना ही होगा। कहा कि मौजूदा समय में समाज का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे समाज के युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी प्रभावित हो रहे हैं। उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए समाज के लोगों में आक्रोश पनप रहा है। श्रीमती उपाध्याय का कहना है कि ब्राह्मण समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने मोदी की गारंटी के स्लोगन पर तंज कसते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज के सम्मान गारंटी खुद ब्राह्मण समाज को ही लेनी होगी। अन्यथा की स्थिति में ब्राह्मण स्वतः रिजेक्ट होने की गारंटी की मुहर से बाहर नहीं निकल पाएंगे। कहा कि इस समाज की मात्र सम्मान व स्वाभिमान की पूंजी है और हम इसी में संतुष्ट भी है। लेकिन लोकतंत्र में ब्राह्मण समाज की अनदेखी बर्दास्त नहीं की जा सकती है। अर्चना उपाध्याय ने बताया कि समाज को लोकतंत्र में हिस्सेदारी की गारंटी मिलना चाहिए। बताया कि चित्रकूट के सीतापुर स्थित आनंद रिसॉर्ट में आगामी 7 मार्च को ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, सचिव नितिन उपाध्याय आदि शामिल होंगे। महाकुंभ में सत्य सनातन धर्म के वेद-शास्त्रों के अनुसार ब्राह्मण समाज को सम्मान की गारंटी के साथ ही लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज की दिशा और दशा पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने ब्राह्मणों का आह्वान किया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित हों।


अर्चना उपाध्याय।

# गाड़ियों में लगाएं जीपीएस : डीएम

कार्यालय संवाददाता महोबा


मातहतों को दिशा- निर्देश देते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोक सभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में समस्त जोनल अधिकारी व नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक में सभी जोनल एवं सेक्टर अधिकारिओं के कार्यों की समीक्षा की गयी और सम्बन्धित अधिकारियों को अपने से सम्बन्धित कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम वीवी पैट के मास्टर ट्रेनर योग्य होने चाहिए और ट्रेनिंग बिल्कुल सही तरीके से होनी चाहिए। सारे जरूरी प्वाइंटस ट्रेनिंग में नोट करवाये जाएं। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं

- **चुनाव को लेकर जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की हुई समीक्षा**

जोनल मजिस्ट्रेट की गाड़ियों में जीपीएस लगाए जाने के निर्देश दिए। क्रिटिकल बूथ, स्वीप कार्यक्रम, लॉ एंड ऑर्डर विधानसभावार किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य की पूरी तैयारी लेखा-जोखा के साथ कर लें अगली मीटिंग में सारे कार्यों की प्रगति समीक्षा की जाएगी। ईवीएम. की सारी गाइडलाइन की जानकारी रूल के हिसाब से कर लें। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, देव कुमार यादव, एसडीएम मृत्युंजय नारायण मिश्रा, एसडीएम जितेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

# लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड मन्नू लाल के नाम

नईमुर्रहमान, महोबा

**अमृत विचार।** हमीरपुर- महोबा संसदीय सीट पर 1952 से अब तक हुए लोकसभा चुनाव में आज तक कोई ठाकुर प्रत्याशी हैट्रिक नहीं लगा सका। दो बार से लगातार जीत रहे भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल इस मिथक को तोड़ना चाहते हैं। ऐसे में टिकट मिलते ही उनकी सक्रियता और बढ़ गई। जो नाराज खेमा है या जो टिकट के अन्य दावेदार हैं उन्हें भी वे पूरी तरह से संतुष्ट करने की कवायद कर रहे हैं। ताकि जीत दर्ज कर हैट्रिक बनाई जा सके।

इंडिया गठबंधन ने सपा से अजेंद्र सिंह राजपूत पर दांव लगाया है, जबकि बसपा ने अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया

- **तीसरी जीत के साथ पुष्पेंद्र सिंह चंदेल करना चाहते हैं हैट्रिक की बराबरी**

है। भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चुनावी समर में जुट गए हैं। जबकि बसपा प्रत्याशी घोषित करने में पीछे रह गई है। इस सीट से पुष्पेंद्र सिंह के अलावा आज तक कोई भी क्षत्रिय प्रत्याशी दो बार लगातार चुनाव नहीं जीता।

हमीरपुर महोबा संसदीय सीट पर 1952 से लेकर 1962 तक तीन बार लगातार चुनाव जीतकर मन्नू लाल द्विवेदी ने हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद कांग्रेस से स्वामी ब्रह्मानंद लगातार दो बार चुनाव जीते। गंगा चरण राजपूत भी लगातार दो बार चुनाव जीते लेकिन हैट्रिक लगाने से चूक गए।


सांसद पुष्पेंद्र सिंह।

इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर चुके हैं। तीसरी बार भी भाजपा हाई कमान ने पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पर भरोसा जताया है। उन्हें उम्मीद ही नहीं यह विश्वास भी है कि वे इस बार भी जीतेंगे और जीत कर न सिर्फ मुन्नू लाल द्विवेदी के लगातार तीन बार जीतने के रिकार्ड की बराबरी करेंगे बल्कि यह भी साबित करेंगे कि जो काम करेगा वह किसी भी जाति का हो लगातार जीतेगा। पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में सोहेलदेव पार्टी के जिला अध्यक्ष ने भी समर्थन किया है। सोहेलदेव पार्टी के कार्यकर्ता भी भाजपा प्रत्याशी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक इस सीट पर सबसे ज्यादा कब्जा लोधी जाति के उम्मीदवारों का रहा है। इसके बाद बाद क्षत्रिय प्रत्याशी का नाम आता है।

सपा ने भी इस बार लोकसभा के चुनाव में पिछड़ा वर्ग का कार्ड खेला है। ताकि पीडीए के नारे के साथ भाजपा प्रत्याशी को पटखनी दी जा सके। राठ और चरखारी विधानसभा सीट लोधी बहुल होने के कारण इस सीट पर सबसे ज्यादा दबदबा अब तक के चुनाव में लोधी प्रत्याशियों का रहा है। अब 2024 के चुनाव में यह देखना है कि चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा। हालांकि अभी तक दोनों दलों के प्रत्याशी जी जान से अपने-अपने पक्ष में हवा बनाने में जुट गए हैं। पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के अलावा मुस्लिम मतदाताओं की भी एक लाख से अधिक संख्या होने के कारण चुनाव रोचक दिखाई दे रहा है। हालांकि पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत के 1999 के चुनाव के बाद लोधी प्रत्याशी संसद नहीं पहुंच सका है। इस दफा समाजवादी पार्टी ने लोधी मतदाताओं को साथ जोड़ने के लिए लोधी प्रत्याशी पर भरोसा जताया है।

# बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों को किया तबाह

## अन्नदाता के सामने रोजी-रोटी का बढ़ा संकट, सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने भी सीएम को भेजा पत्र

**मौसम की मार**

कार्यालय संवाददाता महोबा


खेतों में खड़ी फसल के डंठल।


फसल का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की तबाही की कहानी लिख दी है। खेतों में अब फसल के स्थान पर डंठल खड़े हुए हैं। फसल के दाने झड़कर जमीन में बिखर गए हैं। किसानों द्वारा दो दिनों से लगाए जा रहे जाम धरना प्रदर्शन और अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे जाने का सिलसिला जारी है। जिससे किसानों को शासन स्तर से मुआवजे की घोषणा हो सके। अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानों के सामने दो जून की रोजी-रोटी के लाले पड़ गए हैं।

बुंदेलखंड का किसान पूरी तरह से कृषि पर आधारित है। किसान फसल बेचकर ही बेटियों के हाथ पीले करता है और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करता है लेकिन इस साल प्रकृति की मार से किसान पूरी तरह से टूट गया है। बच्चों की शादी करना तो दूर उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बुंदेलखंड किसान यूनियन हालदार किसान यूनियन व अन्य किसान संगठनों द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन देकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की जा रही है।

बर्बाद हुई फसलों का आकलन करने के लिए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम खेतों में डेरा जमाए हुए हैं। सभी अलग-अलग गांव में जाकर फसलों के नुकसान का आकलन करने में जुटे हुए हैं जिससे किसानों को शासन स्तर से राहत दिलाई जा सके हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र के सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने भी बर्बाद फसल का मुआवजा दिलाए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। शासन स्तर से भी किसानों की खराब हुई फसल के बाबत रिपोर्ट मांगी गई है रिपोर्ट तैयार करने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारी दिन रात लगे हुए हैं लेकिन बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों का सब कुछ बर्बाद कर दिया है।

**क्रय केंद्रों में 50 फीसद गेहूं भी नहीं पहुंचेगा**

शासन के निर्देश पर इस साल एक मार्च से गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं लेकिन इस दफा क्रय केंद्रों में लक्ष्य के सापेक्ष 50 फीसद भी गेहूं आता नहीं दिखाई दे रहा है करण ओला दृष्टि से गेहूं की फसल भी बुरी तरह बर्बाद हो चुकी है अभी तक क्रय केंद्रों में एक दाना भी किसान लेकर नहीं पहुंचा है जिसके चलते केंद्र प्रभारी सारा दिन हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं लेकिन बारिश ने इस बार कर केंद्रों पर आने वाली गेहूं की उम्मीद पर भी पानी फेर दिया है।

# अधिवक्ता समिति मुआवजा दिलाने को आई आगे

**महोबा।** बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग को लेकर अधिवक्ता समिति महोबा ने मंगलवार को डीएममृदुल चौधरी को ज्ञापन देकर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

सीएम को संबोधित ज्ञापन में बताया कि बे मौसम बारिश से रबी की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है प्राकृतिक आपदा के चलते जिले का किसान रोजी-रोटी के लिए मोहताज हो गया है फसल बर्बाद हो जाने से किसान की कमर टूट गई है शासन स्तर से किसानों के लिए मदद बेहद जरूरी है। ज्ञापन में बताया कि किसानों द्वारा फसल बीमा कराए जाने के बाद भी किसानों को फसल बीमा का भी क्षतिपूर्ति नहीं मिल रही है इससे किसान खासा परेशान है। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह यादव, महामंत्री शिवपाल सिंह मुकीत अहमद खान और प्रेमचंद आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# ओलावृष्टि से नष्ट फसलों का शीघ्र कराएं सर्वे

पनवाड़ी महोबा

- **सभी प्रधान अपने अपने गांवों के पीड़ित किसानों की सूची बनवाने में करें तहसील कर्मियों की मदद**
- **प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष ने किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए डीएम को लिखा पत्र**

**अमृत विचार।** बेमौसम वर्षा के साथ जनपद के तमाम गांवों में हुई ओलावृष्टि से फसलें नष्ट हुई हैं। प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी पनवाड़ी ने किसानों के दर्द को महसूस करते हुए उन्हें क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में फसलों का स्थलीय निरीक्षण कर क्षतिपूर्ति का आकलन कर शीघ्र मुआवजा दिए जाने की मांग की है। ताकि किसानों की समस्याओं को हल कराया जा सके। और किसानों को सदमें से उबारा जा सके।

बता दें कि बीते कुछ दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आयेदिन वर्षा हो रही तथा तेज हवा से फसलें गिर रही हैं। शनिवार की रात्रि व रविवार को दिन में ओलावृष्टि से किसानों से फसलें नष्ट हुई है। इससे किसान बुरी तरह कराह उठे है। किसानों के दर्द को समझते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे प्रधान पनवाड़ी/ प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिले का किसान कई साल से दैवीय आपदा से उबर नहीं पा रहा है,ऐसे में किसानों को मदद की दरकार है और उन्हें मुआवजा दिया जाना आवश्यक है।

द्विवेदी ने जिले के प्रधानों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि वे अपने अपने गांव के किसानों की बर्बाद हुई फसलों का सही आकलन करने में तहसील कर्मियों की मदद करें, इससे उन्हें नुकसान का उचित मुआवजा मिल सके।

# मांग पूरी न हुई तो लखनऊ में करेंगे धरना- प्रदर्शन


खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

- **शिक्षक संघ ने महानिदेशक बेसिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा**

**अमृत विचार।** बीआरसी कार्यालय में करीब एक सैकड़ा से अधिक शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर धरना। दिया बाद में महानिदेशक बेसिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी पनवाड़ी को सौंपा।

ज्ञापन में समस्याओं का निराकरण न होने पर प्रदेश स्तर पर लड़ाई लड़ी जाने का भी निर्णय लिया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ विकासखंड पनवाड़ी के शिक्षकों ने अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपनी सिम से टैबलेट चलाने और प्रतिदिन बच्चों की हाजिरी का डिटेल और मध्याह्न भोजन का डिटेल भेजे जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। अधिकारियों की तानाशाही और मनमाने तरीके से शिक्षकों का उत्पीड़न किए जाने से नाराज शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया है। धरना के बाद शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी पनवाड़ी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है।

निरीक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपनी व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। यह शिक्षकों का उत्पीड़न है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के साथ प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल की 30 अक्टूबर 2023 एवं 9 नवंबर 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु समिति बनाई गई थी। परंतु चार माह बीत जाने के बाद भी शिक्षकों की किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस प्रकार शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न करके केवल शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। शिक्षकों ने टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। वहीं शिक्षकों ने कड़े शब्दों में विभागीय अधिकारियों को चेतवानी देते हुए कहा है कि यदि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए उपरोक्त मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना देने के लिए उपरोक्त शिक्षक बाध्य हो जाएंगे। इस मौके पर जिला संरक्षक विनोद रिछारिया, ब्लॉक अध्यक्ष उ.प्रा. शि.संघ श्रीमित्र त्रिपाठी,रुद्र कुमार कौशिक,अमरेश चतुर्वेदी,ब्रजेन्द्र शुक्ला,धर्मेंद्र राजपूत,यशवंत राजपूत,पंकज नायक,हरिकिशुन सेन,नारायण दास साहू, सोमेश पाठक,नारायण दास साहू, मनीष तिवारी अंकित चतुर्वेदी, प्रवीण द्वेवेदी, त्रिलोक यादव,प्रमोद चतुर्वेदी, सत्यवती, अंजना विश्वकर्मा,मधु तिवारी आदि रहीं।

# चित्रकूट से कटाई करने आई महिला की हुई मौत

**महोबा।** कबरई विकासखंड के अन्तर्गत खन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम चिचारा में किसान अर्जुन सिंह के यहां प्रत्येक वर्ष कि तरह इस वर्ष भी फसल कि कटाई के लिए चित्रकूट जनपद के ग्राम नादिन कुरमियात थाना राजापुर निवासी प्रिया 47 पत्नी ओमप्रकाश सहित 10 लोग आए थे।

यह लोग हर साल फसल कटाई के लिए आते हैं और एक माह तक खेतों में कटाई करने के बाद अपने परिवार के लिए एक साल तक के खान-पान का इंतजाम कर लेते हैं। इस साल भी कटाई करने आई लोगों में प्रिया नाम की महिला की रात में अचानक खांसी आई और सीने में दर्द हुआ,आनन फानन में उसे कबरई समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची खन्ना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया। मृतक अपने पीछे 5 लड़की व दो लड़के छोड़ गई है, जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

# डीजे वाहन व बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** डीजे वाहन व बाइक में आमने सामने टक्कर हो जाने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां एक की हालत नाजुक होने पर महोबा रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नकरा ग्राम निवासी महेंद्र 26 पुत्र ब्रम्हानंद व अनिल राजपूत 25पुत्र भगतसिंह दोनों बाइक से कुलपहाड़ की ओर एक शादी समारोह में शामिल होने में जा रहे थे। तभी पनवाड़ी रोड पर ग्राम पठारी व द्वासी के बीच कुलपहाड़ की ओर से आ रहे डीजे वाहन से आमने सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां महेंद्र की हालत नाजुक होने पर महोबा भेज दिया, जहां उसकी मौत हो गई, तथा दूसरा साथी घायल अनिल का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने डीजे वाहन को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया। जबकि वाहन चालक फरार है।

# भाषण में अदिति व निबंध में ऋषिकांत अव्वल

कार्यालय संवाददाता महोबा


विजेताओं को पुरस्कार देते अतिथि।। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में गायत्री विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में परिषद के संयोजक साहित्यकार संतोष कुमार पटेरिया और जिला अध्यक्ष संगीता पंडित जग प्रसाद तिवारी की देखरेख में एक प्रतियोगिता कराई गई।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद से जुड़े महापुरुषों के संदर्भ में विद्यालय के छात्राओं को जानकारी दी गई इसके बाद गायत्री विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल महोबा में निबंध प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में आदिति कश्यप ने प्रथम स्थान पाया, अदिति श्रीवास ने द्वितीय और सृष्टि चौरसिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में ऋषिकांत पहले स्थान पर रहे शैलेंद्र कुमार दूसरे और नितिशा चौरसिया तीसरे स्थान पर रही। सभी प्रतिभाग करने वाले विजेता छात्र छात्राओं को परिषद के जिला अध्यक्ष जगप्रसाद तिवारी और संयोजक संतोष कुमार पटेरिया एवं गायत्री विद्या मंदिर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखलाल गुप्ता ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए संतोष पटेरिया ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही बहुत महत्व की बात है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महोबा।** शहर कोतवाली के मोहल्ला भाटीपुरा में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थोड़ी देर बाद घर पहुंचे परिजनों ने युवक को लटका देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे आसपास के लोग दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शहर के मोहल्ला भाटीपुरा निवासी सोबेंद्र 30 पुत्र कालीचरन घर पर अकेला था परिवार के लोग घर पर नहीं थे। उसी समय उसने कमरे में फांसी का फंदा गले में डालकर रस्सी से झूल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के घर पर पहुंचने पर उसे पुलिस की मदद से नीचे उतारा गया। आत्महत्या का कारण परिजन नहीं बता पा रहे हैं।

**समारोह** | पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ, सभी संगठन के विस्तार पर दिया जोर

# बिना संगठित हुए समाज का भला नहीं : द्विवेदी

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा



कार्यक्रम में बोलते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का शपथ ग्रहण समारोह नगर के एक पैलेस में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी उर्फ मुन्ना महाराज को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ समाज के हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के तमाम लोग उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह की मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि बिना संगठित हुए समाज का भला नहीं हो सकता। हम सभी को एकजुट होना होगा। तभी हमारा मान सम्मान और हमारे समाज का महत्व बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोग अलग-अलग दलों में बिखरे हुए हैं यही वजह है कि चुनाव में भी कोई ब्राह्मण समाज को खास तवज्जो नहीं देता है, हम सभी को एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराना होगा तभी लोग हमारे समाज की अहमियत समझ सकेंगे।

इस अवसर पर चैयरमैन वैभव अरजरिया ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोग अपने-अपने समाज का संगठन बनाये हुए हैं इसीलिए ब्राह्मण समाज ने भी आगे आकर अपना संगठन तैयार किया है। उन्होंने कहा कि जब तक हम एक नहीं होंगे हमारी ताकत नहीं बढ़ेगी। इस मौके पर श्रीप्रकाश अरजरिया, राकेश अरजरिया, दिनेश गोस्वामी, शिव कुमार गोस्वामी, बाबूलाल चौबे आदि लोगों ने समाज के हित में अपने अपने विचार व्यक्त किए। शपथ ग्रहण के मौके पर भानु प्रताप पालीवाल, बृजेश कुमार चौबे, भुवन वाजपेई, देवनारायण पाठक, ओमप्रकाश द्विवेदी, राजेश कुमार चौबे, रामबाबू द्विवेदी, अनिल मिश्रा, शरद रावत, लालजी महाराज आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत –कौनिया, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)**

अल्पकालीन निविदा सूचना — दिनांक 05–03–2024

विधान मण्डल क्षेत्र /विकास निधि योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06–03–2024 से 12–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधान मण्डल क्षेत्र /विकास निधि | ग्राम पंचायत कौनिया में मल्टीपरपज हॉल निर्माण कार्य | 24.93 लाख | | सीमेन्ट, बालू गिट्टी, सरिया, खडा पत्थर ईटा आदि | – | 6 माह |
| 2 | विधान मण्डल क्षेत्र /विकास निधि | ग्राम पंचायत कौनिया में नाला एवं मिट्टी भराव कार्य | 14.93 लाख | | सीमेन्ट, बालू गिट्टी, सरिया, खडा पत्थर ईटा आदि | – | 6 माह |

शर्त – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
ग्राम पंचायत–कौनिया, विकास खण्ड –(पनवाड़ी),महोबा

**कार्यालय ग्राम पंचायत –पनवाड़ी, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)**

अल्पकालीन निविदा सूचना — दिनांक 05–03–2024

विधान मण्डल क्षेत्र /विकास निधि योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06–03–2024 से 12–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधान मण्डल क्षेत्र /विकास निधि | ग्राम पंचायत पनवाडी में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य | 24.99 लाख | | सीमेन्ट, बालू गिट्टी, सरिया, खडा पत्थर ईटा आदि | – | 6 माह |
| 2 | विधान मण्डल क्षेत्र /विकास निधि | ग्राम पंचायत पनवाडी में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य | 24.94 लाख | | सीमेन्ट, बालू गिट्टी, सरिया, खडा पत्थर ईटा आदि | – | 6 माह |

शर्त – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
ग्राम पंचायत–पनवाड़ी, विकास खण्ड –(पनवाड़ी),महोबा

# बारिश से उड़ी आधा दर्जन गावों की बिजली दो दिन से तरस रहे पीने के पानी के लिए

## बारिश के बाद बिजली बाधित हो जाने से एकल पेयजल योजनाएं शो पीस बनी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतें पिछले दो दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से संकट मं। हैं। इन गांवों में संचालित एकल पेयजल योजनाएं शो पीस बनी हैं। ग्रामीणों को गांव के बाहर लगे हैंडपंपों से पानी भरने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

विकासखंड क्षेत्र के जल्ला विद्युत सब स्टेशन से जखेला, भैंसापाली, कुशौली पुरवा, पाली आदि गांवों को बिजली की आपूर्ति होती है। पिछले 20 फरवरी को तेज हवा व बारिश से विद्युत लाइन के तार व पोल टूट जाने पर एक सप्ताह आधा दर्जन गांव अंधेरे में रहे। विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर लोगों को पेयजल संकट पैदा हो गया था। विद्युत विभाग ने लाइनों के लिए पोल लगाने पर किसानों ने फसलों का नुकसान होना बता कर विरोध जताया था। तब विभाग ने लकड़ी के पोल खड़े कर आनन-फानन विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी थी।

इधर क्षेत्र में तीन दिनों तक हुई जोरदार बारिश में लकड़ी के पोल उखड़ कर गिर गए। इससे मलहरा, देवीगंज, जखेला, कुसौली पुरवा, भैसापाली, छोटी पाली विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। ऐसे में जखेला और भैंसापाली में संचालित एकल पेयजल योजना शो पीस बन कर रह जाने से गांव के ग्रामीणों के सामने पेयजल का संकट दो दिनों से बना हुआ है।

जखेला गांव के सिद्ध गोपाल, राम शरण ने बताया कि गांव के बाहर लगे हैंडपंप से पानी भरने जाना पड़ता है। गांव के अंदर लगे हैंडपंप में खारा पानी निकलने से गांव के बाहर से पानी भरना पड़ रहा है। भैंसापाली गांव के मोहर सिंह, अरविंद कुशवाहा आदि ने बताया हफ्तों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। एक दिन ही बिजली आते ही धड़ाम हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है।



ट्रैक्टर में ड्रम से पानी भरकर ले जाता ग्रामीण। अमृत विचार

● ग्रामीण गांव के बाहर हैंडपंपों से पानी लाने के लिए विवश

क्षेत्र में तीन दिनों तक हुई बारिश से विद्युत पोल गिर जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। जिसे ठीक कर शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।

–भारत सैनी, अवर अभियंता

# 'गांवों के हर घर में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए'

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरौलीपुर एवं पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने दोनों योजनाओं के शेष कार्यों को पूर्ण कर समयबद्ध ढंग से इनका संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हरौलीपुर एवं पत्योरा डाडा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट में शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर इसके समयबद्ध ढंग से संचालन सुनिश्चित कराया जाए। पाइपलाइन डालने के पश्चात टेस्टिंग कार्य पूर्ण हो जाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों का समय से पुनर्निर्माण किया जाए। साथ ही हर घर जल प्रमाणन का कार्य तेजी के साथ किया जाए। सभी संबंधित गांवों में शत प्रतिशत डोर टू डोर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। जिन गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। वहां पर रोस्टर के अनुसार पेयजल सप्लाई की जाए। जल जीवन मिशन के कार्यों को सुचारू ढंग से संपादन के लिए पर्याप्त मैन पॉवर की व्यवस्था रखी जाए। योजना के अंतर्गत सभी कार्य मानक के अनुसार पूरे किए जाएं। कार्य में सुस्ती पर कार्यदायी संस्थाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि पत्योरा डांडा पेयजल योजना के तहत 148 गांव तथा हरौलीपुर पेयजल योजना से कुल 207 गांव को हर घर नल से जल प्राप्त होगा। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही) स्त्रोत के अन्तर्गत सभी 28 ग्रामों में कार्य शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सीडीओ चन्द्र शेखर शुक्ला, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, एडीएम न्यायिक, डीआईओएस, डीडीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम आदि रहे।

● जल जीवन मिशन की समूह पेयजल योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

## सार-संक्षेप



ग्रामीणों को योजनाओं के पत्रक देते ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल। अमृत विचार

### बूथ चलो बूथ जीतो अभियान में ग्रामीणों को किया जागरूक

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के जलाला भटपुरा गांव में ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने बूथ चलो बूथ जीतो अभियान के अंतर्गत लोगों से संपर्क कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। जलाला भटपुरा गांव में बूथ चलो बूथ जीतो अभियान के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल ने अपनी टीम के साथ भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लाभार्थियों से संपर्क कर पत्रक वितरित किए और लोगों को मिस कॉल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए पक्ष में मतदान करने के लिए कहा। टीम में जितेंद्र निषाद क्षेत्र पंचायत सदस्य, अजय कुमार प्रधान प्रतिनिधि भटपुरा, राहुल द्विवेदी, कालका सविता, सूरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



नो इंट्री और अवैध ऑटो स्टैंड हटाने के लिए ज्ञापन देते हुए। अमृत विचार

### फिर उठी कस्बे में ऑटो, ई-रिक्शा की नो इंट्री की मांग

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में जगह जगह संचालित अवैध ऑटो स्टैंड और ई रिक्शा चालकों की वजह से सारा दिन लगने वाले जाम से लोग हलकान हैं। वहीं भारी वाहनों से कस्बे में हुए भयंकर हादसों को लेकर भारत उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कस्बे के अंदर इन वाहनों की नो इंट्री लगाने की मांग की गई। भारत उद्योग व्यापार मंडल के बुंदेलखंड प्रभारी आसिफ कुरेशी के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन सदस्यों और पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र को ज्ञापन दिया। बताया कस्बे के तहसील मार्ग से रहमानिया कालेज और अरतरा तिराहे तक ई रिक्शा चालकों की वजह से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं मलीकुआं चौराहा और गुड़ाही बाजार के आसपास अवैध आटो स्टैंड संचालित हो रहे हैं। जिनसे जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही बीते कुछ समय से कस्बे के मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों से बड़े हादसे हो चुके हैं। ऐसे में कस्बे में सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक नो इंट्री लगाने और अवैध आटो स्टैंड को कस्बे के बाहर संचालित करने की मांग की है। इस दौरान बच्चा ज्ञानी, रिजवान, करीम बाबा, धर्मेंद्र, हर्षित, धनीराम पाल सहित लगभग दो दर्जन संगठन के लोग मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन देने जाते कुंडौरा के ग्रामीण। अमृत विचार

### किसानों ने फसलों की क्षतिपूर्ति व कर्जमाफी की मांग

**हमीरपुर।** प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों को उत्पन्न हुई समस्याओं के निदान की मांग को लेकर कुंडौरा के आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों ने बर्बाद हुई फसलों की क्षतिपूर्ति दिलाने व कर्जमाफी की मांग की है। कुरारा विकास खंड के कुंडौरा ग्राम के ग्रामीणों ने डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि बीते 20 फ़रवरी से 5 मार्च तक बारिश, ओलावृष्टि के चलते किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं। जिससे उनके सामने परिवार के जीवकोपार्जन के लिए भारी संकट खड़ा हो गया है। वहीं उन्होंने बताया कि इस आपदा से ग्राम की बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई है जिसमे उनके सामने पेयजल की समस्या हो गई। इसके अलावा उन्होंने पारा गांव स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक पर वसूली के नाम पर किसानों के खाते होल्ड कर देने का आरोप लगाया है। उन्होंने ज्ञापन के जरिए फसलों के नुकसान की जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाने, विद्युत व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने एवं किसानों के होल्ड हुए खातों को मुक्त कराने की मांग की है। इस मौके पर प्रमोद, उदल, सूरज,दुर्गा, कल्लू, महावीर, सुरेश, स्वामी प्रसाद, पवन कुमार, रमेश, राजू बाबूलाल सहित आधा सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।

### पति सहित ससुरालीजनों ने बहू को जमकर पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी मालती पत्नी चरनसिंह ने राठ कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 3 वर्ष पूर्व राठ कस्बे के फरसौलियाना निवासी चरन सिंह पुत्र हरीराम के साथ हुआ था। बताया कि विवाह के बाद से ही उसका पति चरनसिंह, ससुर हरीराम व सास श्यामा घरेलू मामले और कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित कर आए दिन उसके साथ मारपीट कर उसका उत्पीड़न करते आ रहे हैं। बताया कि उसका पति चरनसिंह अत्यधिक शराब पीने का लती है तथा शराब के नशे में उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे जान से मारने की धमकियां देता है। बताया कि उसने कोतवाली में मामले की तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल, रेफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर निवासी भोला (30) पुत्र भगवान दीन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से युवक को गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### नाराज होकर महिला ने खाया जहर, हालत बिगड़ी

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जलाला गांव में परिजनों से नाराज होकर 22 वर्षीय प्रियंका ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार का विरोध

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए जघन्य अपराध के विरोध में एबीवीपी की नगर सहमंत्री साक्षी गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन जमकर नारे बाजी की। साथ ही कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। जिसमे उन्होंने घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने सहित छह सूत्री मांग की है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने दिए ज्ञापन में कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ कपट पूर्वक यौन शोषण एवं उसकी अस्मिता का हनन सत्ताधारी पार्टी के कार्यालय में सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। सत्ताधारी पार्टी के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिक कन्याओं व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण किया जा रहा है। पीड़िताओं में अधिकांश महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की हैं। कहा कि बंगाल सरकार के खिलाफ अगर कोई विधायक अपनी बात महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर विधानसभा में रखता है, तो उनका माइक बंद कर दिया जाता है या फिर उन्हें सदन से बाहर कर दिया जाता है। कहा कि राज्य की पुलिस उचित कानूनी कार्रवाई करने में विफल हो रही है। इस अत्याचार से तंग आकर कई परिवार संदेशखाली से पलायन करने को मजबूर हो गए हैं।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से संदेशखली के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसी द्वारा कराई जाए एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं सामूहिक अस्मिता के हनन पर अविलंब अंकुश लगाने के साथ केंद्रीय बलों की नियुक्ति की जाए। ताकि परिवारों के पलायन पर विराम लग सके। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री निर्भय प्रताप, सपना, पूनम, आयुषी, चित्रा, अनुज श्रीवास्तव, विमल यादव, वीरू शर्मा, शैलेंद्र, प्रदीप, राजकुमार, चंदन, गौरव सहित आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन देने जाते एबीवीपी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

● एबीवीपी ने घटना की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की

# बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाने के अमूंद गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गुढ़ा गांव का निवासी यशेंद्र सिंह पुत्र रामहेत बाइक से किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सरीला जा रहा था। तभी रास्ते में जरिया थाना अंतर्गत अमूंद गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार युवक यशेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल भेजा गया।

# जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद में नया भारत नई पहल पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला नेहरू युवा केंद्र की ओर से राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। मुख्य अतिथि विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा युवाओं में राजनीति में आने की भावना जागृत होनी चाहिए। युवा संसद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपने विचार रखने की उन्हें स्वतंत्रता मिलती है।

पूर्व मंत्री चौधरी राजेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही युवाओं के लिए योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पूर्व शिक्षक लखनलाल जोशी व अभिनव तिवारी ने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुसार खेल मंत्रालय द्वारा युवाओं के लिए हजार प्रकार की योजनाएं संचालित हैं। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए युवा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का रास्ता तय कर सकते हैं। मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण एवं उसकी उपयोगिता विषय पर चर्चा की। डॉ शालिनी ने नया भारत नई पहल व डॉ शिल्पी रॉय द्वारा नारी शक्ति विषय पर युवाओं से चर्चा की।

युवा संसद के आयोजन में युवा लोक सभा अध्यक्ष, युवा प्रधानमंत्री बृजमोहन, युवा विपक्षी नेता नितिन एवं पांच सत्ता पक्ष युवा सांसद तथा पांच विपक्ष युवा सांसद द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्राचार्य डॉ शिराज खान, नेहरू युवा केंद्र की जिला समन्वयक ने विचार रखे।

● युवाओं को अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित

# युवक ने पत्नी व बच्चों के साथ की मारपीट

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के मियां पुरा इलाके की निवासी महिला सुमन पत्नी रविंद्र ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका पति बेवजह उसके और उसके तीनों बच्चों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करता रहता है। बताया कि उसके तीनों बच्चे पढ़ाई करते हैं लेकिन उसका पति उसके बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न करता है तथा बिना किसी बात को लेकर उसे गंदी-गंदी गालियां देता है। बताया कि वह अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी, तभी उसका पति रविंद्र आया और बाल पकड़कर उसकी बेरहमी से पिटाई करने लगा। बताया कि जब उसके साथ मारपीट होती देखकर उसके बच्चे उसे बचाने के लिए दौड़े तो पति ने बच्चों के साथ भी जमकर मारपीट कर दी। बताया कि उसने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# नशे में डंडे से पीट कर की थी हत्या

## खुलासा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रविवार रात कस्बे के भीड़भाड़ वाले गोल मार्केट में एक वृद्ध के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने अलग अलग एंगल से जांच कर घटना के जल्द खुलासे की बात करते हुए परिजनों सहित संदिग्धों को कोतवाली लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। लेकिन घटना के बाद से ही कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी अहमद पुत्र जमील पुलिस के निशाने पर था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद घटना का खुलासा किया है।

बीते रविवार की सुबह कस्बे के गोल मार्केट में लेटने वाले हैदरिया निवासी वृद्ध जमुल उर्फ नत्थू की अज्ञात लोगों द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई थी। जिसके बाद इलाज के दौरान नत्थू की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने सभी एंगलों से मामले की जांच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मृतक के पुत्र जहीर उददीन की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। इसी के साथ ही परिजनों सहित आसपास के लोगों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ भी शुरू कर दी थी। इसी दौरान सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी अहमद बिरयानी पुत्र जमील भी नजर आया। जिसे पुलिस ने पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने मारपीट की घटना कुबूल की। आरोपी ने बताया कि उस दिन उसके बहनोई की मौत हो गई थी और वह शराब के नशे में था। जिसके चलते उसके भांजे इंतजार ने उसे घर से भगा दिया था और उसके बाद वह रात में लेटने के लिए गोल मार्केट पहुंचा। जहां पर मौजूद मृतक जमीलुददीन उर्फ नत्थू ने उसके शराब के नशे में होने के कारण उसे गालियां दे दीं। जिससे वह आक्रोश में आ गया और उसने वृद्ध के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना में प्रयोग किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है।



अहमद बिरयानी।

● वृद्ध की हत्या का तीसरे दिन खुलासा, आरोपी शुरू से था शक के घेरे में

**झलका गुस्सा** — महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा, अफसरों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

# ऑनलाइन हाजिरी देने के लिए शिक्षकों ने मांगा सरकारी सिम कार्ड

## आंदोलन

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय शिक्षकों को टैबलेट तो थमा दिए हैं, लेकिन अभी तक उसे एक्टिव करने के लिए सिम कार्ड मुहैया नहीं कराया है। ऐसे में शिक्षकों ने टैबलेट के जरिए ऑनलाइन हाजिरी देने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। शिक्षकों ने कहा कि ऑनलाइन कार्य करने के लिए बनाए जाने वाला जबरन दबाव और शिक्षकों का उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उप्र प्रा.शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि टैबलेट के जरिए ऑनलाइन उपस्थिति व अन्य कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं ऑनलाइन कार्य करने का दबाव बनाने को लेकर शिक्षकों का उत्पीड़न और उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया जा रहा है। ज्ञापन में टैबलेट को एक्टिव करने के लिए सरकारी सिम कार्ड मुहैया कराने, शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रतिमाह की द्वितीय शनिवार का अवकाश और अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य कराए जाने की मांग की है।

साथ ही चेतावनी दी है कि शिक्षकों की जायज मांगों का निराकरण न होने तक ऑनलाइन उपस्थिति व अन्य कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। कहा कि मांगे पूरी न होने तक प्राथमिक शिक्षक संघ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय समेत शिक्षा निदेशालय लखनऊ में धरना देने को विवश होंगे। इस मौके पर पवन राजपूत, संदीप चंदेल, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, आत्माराम, ब्रह्मप्रकाश, मिथिलेश कुमार, धर्म सिंह, रामकृपाल, आशा त्रिवेदी सहित अन्य शिक्षक/ शिक्षिकाएं मौजूद रही।

● शिक्षकों का उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं

# ज्ञापन देकर दी धरने की चेतावनी

**राठ(हमीरपुर)।** सरीला कस्बे के बीआरसी कार्यालय में परिषदीय विद्यालयों के दर्जनों शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर निराकरण की मांग की है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष रामअवतार प्रजापति ने बताया कि अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति और मध्यान्ह भोजन की ऑनलाइन सूचना भेजने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध करा दिया है, लेकिन टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड अभी तक उपलब्ध नहीं कराया। बताया कि विभागीय अधिकारी शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी से सिम कार्ड खरीदने का दबाव बना रहे हैं जो नियमानुसार नहीं है। विभागीय अधिकारी शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने के साथ वेतन रोकने जैसी कार्रवाई करते हैं। शिक्षकों ने मांग की उपलब्ध कराए गए टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराए जाने, शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश दिया जाने की मांग की। कहा कि यदि उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना देंगे। इस दौरान अमित कुमार, शिक्षक प्रियंका त्रिपाठी , मिथुन भारती, मदन सिंह, केशव कुमार, रमेश चंद्र , विनोद कुमार व सुरेंद्र कुमार के अलावा अन्य दर्जनों शिक्षक गण मौजूद रहे।

### जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर मांगा सुविधा शुल्क

**सरीला।** जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर सीएचसी के बाबू द्वारा सुविधा शुल्क मांगने का आरोप पुरैनी निवासी सुमित विपिन व सुरेश कुमार ने लगाया है। बताया कि जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने को लेकर कई दिनों से सीएचसी के चक्कर काट रहे हैं। सुविधा शुल्क मांगा गया है। सीएचसी चिकित्साधिकारी राहुल सचान ने बताया कि जन्म प्रमाण प्रत्र जारी करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इस शिकायत पर जांच की जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्रांकः 2010 /न0पा0प0 –राठ/वि0/2023–24/ दिनाकं 03.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त बेवसाइट डेवलप करने वाली भिन्न एजेन्सी/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद राठ द्वारा कर विभाग हेतु ऑनलाइन साफ्टवयेर एवं बेवसाइट तैयार कराया जाना है। जिससे नगरवासियों को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। जिसकी निविदा दिनांक 11.03. 2024 को पालिका कार्यालय में समय अपरान्ह 01.00 बजे तक विक्रय की जायेगी। उक्त निविदा दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 12.30 तक डाली जायेगी एवं उसी दिनांक को अपरान्ह 02.00 बजे ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में प्रतिभाग करने वाले समस्त फर्म/ठेकेदार को कार्य की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/किसान बचत पत्र/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी पदनाम से बंधक हो जमा करना अनिवार्य है। कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कर विभाग से की जा सकती है। बिना कारण बताये एक या सम्पूर्ण निविदा को निरस्त किया जा सकता है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष को होगा। कार्य का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत जी0एस0टी0 सहित | जमानत धनराशि | टेण्डर शुल्क जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | नगर पालिका परिषद राठ के कर विभाग हेतु ऑनलाइन साफ्टवेयर एवं वेबसाइट तैयार किये जाने का कार्य | 811250.00 | 81500.00 | 1000.00 |

**निविदा हेतु शर्ते :–**

1. सशर्त/कटिंग/ओवर–राईटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेंगी।
2. निविदा के साथ निविदादाता को जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड की सत्यापित छायाप्रति निविदा में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
3. निविदादाता को विगत 03 वर्षो का 50 लाख का टर्नओवर निविदा के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
4. निविदादाता को विगत तीन वर्षो में उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित कार्य का अनुभव होना चाहिये।

निविदा के साथ स्वः प्रमाणित अनुभव प्रमाण पत्र एवं कार्यादेश संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

## एक नजर

### दिनदहाड़े घर में घुसे बदमाशों ने पार किए नगदी व गहने

**सरीला (हमीरपुर)।** थाना जरिया के छिबौली गांव में बदमाशों ने दिन दहाड़े सूने घर में घुसकर तीस हजार रुपये नगदी एवं सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। छिबौली गांव निवासी सुदर्शन पुत्र आशाराम ने पुलिस चौकी सरीला में तहरीर देकर कहा है कि वह खेतों पर काम करने गया था। घर में कोई नहीं था। इसी बीच सूना घर पाकर अज्ञात बदमाशों ने घर में रखे तीस हजार रुपये, तीन जोड़ी पायल व अंगूठी लेकर भाग गए हैं। उन्होंने घटना का खुलासा कर कार्रवाई की मांग की है इस संबंध में चौकी प्रभारी दिनेश मौर्या का कहना है कि मामला संदिग्ध है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### आज होगा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम

**रामनगर (चित्रकूट)।** खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि प्री प्राइमरी शिक्षा को बढ़ावा देने की मंशा से बुधवार को सीपी गौतम महाविद्यालय देउंधा में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम होगा। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नोडल शिक्षकों, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्लाक स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बुलाया गया है।

### मौसम के बदलाव से वायरल बुखार के मरीज बढ़े

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मौसम की बदलाव से वायरल बुखार ने तेजी के साथ पैर पसारे हैं। इसकी चपेट में सर्वाधिक बच्चे बूढ़े आ रहे हैं। सोमवार से ओपीडी में मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। मौसम के बदलाव का असर मानव जीवन पर पड़ना शुरू हो गया है। ओलावृष्टि एवं बारिश के बाद वायरल बुखार में तेजी के साथ पैर पसारे हैं। मंगलवार को ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डा.तरुण पाल, डा.परवेज कादरी, डा.शमा परवीन ने बताया कि मौसम बदलाव से वायरल बुखार में इजाफा हुआ है। ओपीडी में अचानक सैकड़ों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। सोमवार को 234 तथा मंगलवार को 224 मरीजों का उपचार किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि वायरल बुखार सर्वाधिक बच्चे, बूढ़े शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वायरल बुखार से बचने के लिए लोगों को साफ उबला पानी और हल्का सुपाच्य भोजन ग्रहण करना चाहिए और सुबह-शाम पड़ने वाली सर्दी से भी बचाव की जरूरत है।

## बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना ने फिर उठाया सड़क निर्माण का मुद्दा

**मौदहा।** रमना किशनपुर जाने वाली सड़क निर्माण का काम अनशन के बाद शुरू हो गया है। जिसके बाद संगठन ने सुदूरवर्ती क्षेत्र गऊघाट छानी की सड़क निर्माण की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। नवनिर्माण सेना की अगुवाई में क्षेत्र के गऊघाट छानी के मजरा परसदवा डेरा के लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि सुदूरवर्ती उनके डेरा में सड़क मार्ग नहीं होने के कारण आवागमन की भारी समस्या होती है। इतना ही नहीं बारिश के सीजन में मजरे का सभी जगह से सम्पर्क कट जाता है। कोई बीमार हो जाए तो इलाज के अभाव में दम तोड़ देगा।

# पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का विद्यार्थी परिषद ने फूंका पुतला

## संदेशखाली घटना को लेकर विद्यार्थी परिषद ने जताया रोष

**संवाददाता, बांदा**



पुतला फूंकते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एवीबीपी) पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संदेशखाली घटना को लेकर सड़क पर उतरकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। नारेबाजी के बीच विद्यार्थी परिषद ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंककर आक्रोश जताया। कलक्ट्रेट में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करते हुए संदेशखाली घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली जिले में महिलाओं पर किए गए अत्याचार की घटना को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी कार्तिकेय गुप्ता की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। नारेबाजी के बीच स्वतंत्रता स्मारक के नजदीक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। बाद में कलक्ट्रेट पहुंच कर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें पश्चिम

- **राष्ट्रपति से पश्चिम बंगाल सरकार बर्खास्त करने की मांग**

बंगाल सरकार को बर्खास्त करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है। संदेशखाली में जमीन खाली करने के लिए महिलाओं पर अत्याचार किया गया है। इसके पहले भी पश्चिम बंगाल में इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ममता बनर्जी सरकार सत्ता में होने का गलत फायदा उठा रही है। संदेशखाली में जो अन्याय महिलाओं के साथ हो रहा है वह किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईडी की छापेमारी के दौरान अधिकारियों पर हुए हमलों की भी निष्पक्ष जांच करवा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने सरकार के संरक्षण में जघन्य अपराधों से महिलाओं व कमजोर वर्गों का जीना दुश्वार हो गया है। इस मौके पर दिव्यांशु मिश्रा, ज्योत्सना गुप्ता, अनामिका बेदी, आशीष अवस्थी, स्वतंत्र साहू, श्लोक द्विवेदी, युवराज सिंह, अभय साहू, यश कलवानी, रोहन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने नहीं बांटा आठ माह से पोषाहार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)**

- **सीडीपीओ ने जांच के बाद की सेवा समाप्ति की संस्तुति**


आंगनबाड़ी केंद्र में डंप पोषाहार।

**अमृत विचारः** ग्राम प्रधान की शिकायत पर जलाला ग्राम पंचायत के मजरा भभौरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की जांच में पहुंची मुख्य सेविका को गत आठ माह से पोषाहार वितरण न किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। मौके पर पोषाहार भी नहीं मिला है। जो मिला है वह वितरण लायक नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुख्य सेविका को अभिलेख भी नहीं दिखा सकी। तीन दिवस में अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

जलाला की प्रधान बिट्टो सिंह ने सीडीपीओ से शिकायत करके अवगत कराया था कि भभौरा के आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका रीता देवी, सहायिका माया देवी ने अगस्त 2023 से पोषाहार का वितरण नहीं किया है। सीडीपीओ प्रीति भिलवारे ने मामले की जांच मुख्य सेविका तारा देवी को सौंपी थी। मुख्य सेविका की जांच में प्रधान सहित लाभार्थी अंशिता, ललिता, शालिनी आदि ने बताया कि उनको पिछले नौ माह से पोषाहार नहीं मिल रहा है। मुख्य सेविका को केंद्र में आधा पोषाहार मौजूद मिला। लेकिन वह वितरण लायक नहीं बचा है। जांच रिपोर्ट के बाद सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त की संस्तुति की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी की कार्यकत्री का मानदेय पूर्व में ही रोक दिया गया था। सीडीपीओ की सेवा समाप्ति की रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

## एप से फसलों में बीमारी की पहचान

**बांदाः** भारत सरकार की टीम ने प्रगतिशील व अन्य किसानों को एनपीएसएस एप के बारे में प्रशिक्षित करते हुए इसकी खूबियां बताईं। कहा कि इस एप के माध्यम से किसान फसलों में कीट और बीमारियों की आसानी से खुद पहचान कर सकते हैं। विकास भवन में में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंधन केंद्र प्रभारी डा.ज्ञान प्रकाश सिंह व जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा.प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकास खंडों के किसानों ने भागीदारी की।

## सार-संक्षेप


लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करते डीएम राहुल पांडेय।

### लोकतंत्र के महापर्व को सकुशल संपन्न कराएंः डीएम

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढ़ग से कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही सौंपे गए विभिन्न कार्यो के क्रियान्वयन व अब तक की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्मिकों को स्पष्ट संदेश दिया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह पूरे मनोयोग से कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए कार्य सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्र के महापर्व को सकुशल सम्पन्न कराएं। विभागाध्यक्ष यह भी सुनिश्चित करें कि उनके कर्मियों के मानदेय के लिए दिए गए बैंक एकाउंट का डिटेल सही है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें, तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों को सौंपे गए दायित्वों को ईमानदारी से निर्वहन करें। बैठक में सीडीओ, एडीएम नमामि गंगे, वरिष्ठ कोषाधिकारी अधिकारी व संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।


प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति।

### प्रदर्शनी के जरिए आमजन तक पहुंचेगी सरकार की योजनाएं

**हमीरपुर।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने मुख्यालय स्थित चौरा देवी मंदिर प्रांगण में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी लगाई है। विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। विधायक के साथ अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेंद्र नाथ यादव ने योजनाओं से संबंधित लगाए गए किटों/स्लाइड्स का अवलोकन किया। कहा जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जन सामान्य को मिल रहा है। प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को प्रदर्शनी में अच्छे ढंग से दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी आम जन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नागेंद्र नाथ यादव, शशिभूषण पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


सरीला महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने मन मोहा

**सरीला (हमीरपुर)।** महाशिवरात्रि महोत्सव पर सोमवार की रात स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। नन्ही छात्रा सृष्टि ने होली खेले बरसाने में गाने पर अभिनय नृत्य प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी। प्रांजल विश्वकर्मा का श्री गणेशा देवा सराहा गया। नेस्ले मार्केट में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम राजकुमार गुप्ता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद प्रांजल विश्वकर्मा ने श्री गणेशा देवा पर कैसेट नृत्य प्रस्तुत कर गणेश वंदना की। जिसे सराहा गया, इस्लामिया विद्यालय की छात्रा तृप्ति ने बीन बजाता जा सपेरे गीत पर कैसेट नृत्य प्रस्तुत किया। ज्ञान गंगा आवासीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रास रचो है गीत पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। शल्लेश्वर विद्यालय की छात्रा कोमल ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया, जिसकी मुक्त कंठ से सराहना की गई। शल्लेश्वर एकेडमी की नन्ही छात्रा सृष्टि ने होली खेले बरसाने में गाने पर अभिनय नृत्य प्रस्तुत कर सभी आश्चर्यचकित कर दिया। इसके अलावा आलोक, पलक खुशी, परी विश्वकर्मा, रीना, राधा, अंशिका, नैतिक, लवकेश व प्रवेश आदि ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सारी रात धमाल मचाया और लोगों की जमकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम का संचालन अंकुश सैनी ने किया। इस मौके पर भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे हैं।


बच्चों को पुरस्कृत करते ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

### बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति कर लूटी वाहवाही

**नरैनी :** हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव को समारोह के साथ मनाया गया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने जमकर तालियां बटोरीं। समापन पर बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। स्थानीय ब्लाक सभागार में निपुण भारत योजना के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। खंड शिक्षाधिकारी रवींद्र कुमार ने आयोजन का उद्देश्य बताया। मां शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि मां शब्द व्यापक है। ब्लाक क्षेत्र के 13 संकुलों से आये पूर्व प्राथमिक स्तर के 65 बच्चों को ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल और खंड शिक्षाधिकारी ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे मुस्करा पड़े। कार्यक्रम को बाल विकास परियोजना विभाग की सुपरवाइजर आरपी चंद्रशेखर और शिक्षकों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संतोष साहू, विनोद गुप्ता, कमलेश कुमार, रमाकांत त्रिपाठी, शिवकुमार, रोशन लाल, विनय कुमार पांडे, प्रीतम देव, निसार अहमद, शशि शर्मा, शहजादे, अच्छे लाल, रामकेश आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार का बेटा बना एएसआई


पिता के साथ एएसआई शिवम।

**बांदा।** पत्रकार के पुत्र ने पुलिस सेवा में सहायक उप निरीक्षक का पद ग्रहण करके जनपद के नाम के साथ-साथ पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। शहर के छोटी बाजार निवासी मनोज गुप्ता विगत दो दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में रहकर समाज और शासन-प्रशासन की सेवा करते हुये इन्होंने अपने परिवार के बच्चों को भी संस्कार देना नहीं भूले, जिसकी वजह से श्री गुप्ता के पुत्र शिवम गुप्ता ने एएसआई की परीक्षा पास करके टेनिंग पूरी की है। मंगलवार को आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में पहुंचकर पुत्र शिवम को आशीर्वाद दिया है। शिवम के सहायक उप निरीक्षक पुलिस सेवा में चयन होने से जहां पूरे परिवार को खुशी हुई है वहीं जनपद के पूरे पत्रकार समाज ने पत्रकार के पुत्र को आशीर्वाद देते हुये बधाई दी है। शिवम गुप्ता की टेनिंग पूरे होने के बाद जैसे ही परिवार और रिश्तेदारों को सूचना मिली तो सारे रिश्तेदार खुश होते हुये दिनभर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा के राम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में ओमनी चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों द्वारा स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद एक युवक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा के राम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में ओमनी चालक ने मंगलवार की सुबह 10 बजे हमीरपुर की तरफ से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक में बैठे मोहित (20) पुत्र कालका प्रसाद निवासी झलोखर, अंकुर (17) पुत्र रमेश निवासी जलाला गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को भर्ती कराया गया।

# तो लोक अदालत का बहिष्कार करेंगे

**कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर**


बस स्टैंड पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के खिलाफ अधिवक्ता संघ की चल रही हड़ताल के 15 वें दिन मंगलवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर प्रभात फेरी निकाल आंदोलन जारी रखा। उन्होंने बस स्टैंड तिराहे पर सांकेतिक जाम भी लगाया। साथ ही लोक अदालत का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा जारी आंदोलन में 15 वें दिन अधिवक्तागणों ने सामूहिक रूप से प्रभात फेरी निकाली। जिसमें जजी परिसर से बस स्टैंड पहुंचने पर सांकेतिक सड़क जाम किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट होते हुए तहसील परिसर से वापस आकर पुनः धरना स्थल परं क्रमिक अनशन जारी रखा। अनशन के दौरान उन्होंने बताया कि परिवार न्यायालय में नियुक्त पीठासीन अधिकारी कुमारी आराधनारानी के विरुद्ध अधिवक्ताओं द्वारा चल रहे आंदोलन के दौरान उच्च न्यायालय इलाहाबाद में वार्तालाप में पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं पर झूठे व बेबुनियाद आरोप लगाए है। आगामी प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर राजेन्द्र वीर सिंह चौहान, हरिशंकर, मिथलेश शुक्ला, शैलेन्द्र सचान, फूल सिंह कुशवाहा, देवेन्द्र शुक्ला, देवीप्रसाद शुक्ला, अश्विनी प्रजापति, मनीराम वर्मा, रामदत्त पाठक, वीरेन्द्र यादव, राधेश्याम यादव, महेश प्रसाद गुप्ता, धर्मेन्द्र दत्त बाजपेयी, ज्ञान प्रकाश गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## तबाह किसानों को नहीं मिली सहायता

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ओलावृष्टि के 15 दिन गुजरने के बाद किसानों को सरकारी सहायता का एक धेला अभी तक नसीब नहीं हुआ है। ब्लॉक के 40 गांव ओलावृष्टि से प्रभावित हैं। इन गांवों में 20 फरवरी से लेकर 5 मार्च के मध्य तीन बार ओलावृष्टि हुई है।

मुख्यमंत्री के आदेश हैं कि ओला प्रभावित किसानों को 24 घंटे में मदद मुहैया कराई जाए। लेकिन यह आदेश यहां नदारत है। ओलावृष्टि के 15 दिन गुजर जाने के बाद किसानों को एक धेला नसीब नहीं हुआ है। ओला प्रभावित बांक, बिलहडी, बांकी, नदेहरा, स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, कुम्हऊपुर, मोराकांदर, सहुरापुर, उजनेडी, कलौली जार, पौथिया, दरियापुर, कुंडौरा, सौंखर में ज्यादा बर्बादी हुई।

## कंपोजिट विद्यालय में मिडडे मील में हुआ घोटाला, कार्रवाई होगी

- **डीएम ने बीएसए को दिए कार्यवाही करने के निर्देश**

**हमीरपुर।** बीते दो मार्च को डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ के निरीक्षण में सुमेरपुर क्षेत्र कैथी के कंपोजिट विद्यालय में मौजूद बच्चों के सापेक्ष एमडीएम रजिस्टर में एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राएं अतिरिक्त दर्ज होने पर बीडीओ की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर बताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

बीते दो मार्च को प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतनु कुमार ने सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत कैथी के कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान प्रभारी बीडीओ को पंजीकृत 560 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 191 मौजूद मिले थे। जबकि मध्याह्न भोजन रजिस्टर में प्रधानाध्यापक दिनेश चंद ने 303 छात्र छात्राओं को भोजन करना दर्शाया था।

# काली पट्टी बांध किया शिक्षण कार्य

**संवाददाता, बबेरू (बांदा)**

- **क्षेत्रीय विधायक को शिक्षकों ने सौंपा मांग पत्र**

**अमृत विचारः** डिजिटलाइजेशन के विरोध में शिक्षकों का विरोध लगातार जारी है। पांचवें दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों का कहना है कि विभाग द्वारा बिना सरकारी सिम व डाटा की व्यवस्था किए जबरन यह व्यवस्था थोपी जा रही है। आरोप लगाया कि स्कूलों में संसाधन उपलब्ध कराए बगैर शासन द्वारा जबरन डिजिटलाइजेशन का दबाव बनाया जा रहा है। बबेरू ब्लाक इकाई ने क्षेत्रीय विधायक को मांग पत्र सौंपकर विरोध जताया।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर डिजिटलाइजेशन व्यवस्था का शिक्षकों द्वारा लगातार बहिष्कार किया जा रहा है। इसी क्रम में आंदोलन के पांचवें दिन मंगलवार को भी पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ बबेरू ब्लाक इकाई ने संगठन के आह्वान पर बांह में काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। साथ ही क्षेत्रीय सपा विधायक विशंभर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। बताया कि शिक्षक पांच मार्च तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। समस्या का समाधान न होने पर 11 मार्च को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन देने वालों में मंडल उपाध्यक्ष शमीम खान, जिलाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष रामपाल, सुभाष चंद्र, भूपेंद्र सिंह, रमेश सिंह, ब्लाक अध्यक्ष रविकरण सैनी, ब्लाक मंत्री विद्याभूषण सिंह, छविनाथ पाल रहे।

**धर्म-अध्यात्म** | कथा व्यास ने श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग का सुनाया

# श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर गाए विवाह के मंगल गीत

**संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)**


कथा सुनाते पं.सुधेश जी महाराज।


बेरी गांव में श्रीमद् भागवत कथा सुनतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बेरी गांव में प्राचीन मंदिर श्री कोटेश्वर महादेव प्रांगण में महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव में आयोजित भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा में भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर विवाह के मंगल गीत गाकर नृत्य किया।

कथा वाचक पं.सुधेश जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण की कई लीलाओं के बारे में वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताया। कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्री कृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंड्रक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया।

कथा के आखिरी दिन भगवान श्री कृष्ण और सुदामा का प्रसंग सुनाया गया। वहीं सजीव झांकियां भी सजाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते व जयकारे लगाते हुए भी देखा गया। जिससे माहौल धर्ममय हो गया। वहीं महाशिवरात्रि पर्व को लेकर समिति के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व की विशाल शोभायात्रा की रूपरेखा तैयार कर ली गई।

# रिश्ता तुड़वाने की खुन्नस में की थी समीर की हत्या

**कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट**

- **तीन आरोपी गिरफ्तार, इनमें दो महिलाएं और बाल अपचारी**

**अमृत विचार।** प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी और उनकी टीम ने ग्राम सुरसेन में चार वर्षीय बालक के अपहरण और हत्या की वारदात का खुलासा किया है। मामले में दो महिलाओं और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने बताया कि बेटी का रिश्ता तुड़वाने और गाली देने की खुन्नस में उन्होंने समीर को गला दबाकर मार डाला था।

24 जनवरी की रात रसीद पुत्र अजय खान निवासी सुरसेन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका चार वर्षीय पुत्र समीर खान गायब है। अगले दिन बच्चे का शव घर के सामने सरसों के खेत से बरामद हुआ था। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ ने मंगलवार को विवेचना से प्रकाश में आईं आरोपी महिलाओं शायरा पत्नी सगीर उर्फ गुड्डा, उसकी बेटी चुन्नी उर्फ सफीना निवासी सुरसेन के साथ एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि समीर की मां रुकसाना ने उसकी पुत्री चुन्नी उर्फ सफीना का रिश्ता गलत लांछन लगाते हुए तुड़वा दिया था। इसी वजह से वे लोग रुकसाना के परिवार से रंजिश रखते थे। समीर भी उन्हें अक्सर गाली देता था। 24 जनवरी को जब समीर के पिता रसीद मजदूरी करने गए थे और रुकसाना घर से बाहर गोबर के कंडे पाथने गई थी, तभी समीर गाली देने लगा। इस पर उन लोगों ने गुस्से में समीर को पकड़कर जमीन पर पटक दिया और गला दबा दिया था। शव छिपाने के आशय से खेत में फेंक दिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी राहुल पुरी, शिल्पा विद्रेही और श्यामलली शामिल रहीं।

## एक नजर

### विद्यार्थियों को दिये फोन

**रामपुरा जालौन।** स्वर्गीय रामदत्त द्विवेदी महाविद्यालय रामपुरा में छात्रों के चेहरे उस समय खिल उठे जब उन्हें महाविद्यालय की ओर से स्मार्टफोन वितरित किए गए। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को डिजिटल रूप में सक्रिय बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के छात्रों को वितरित करने का निर्णय लिया था। इसी योजना के अंतर्गत महाविद्यालय ने भी एक समारोह आयोजित छात्रों को स्मार्टफोन दिए। अध्यक्षता प्रबंधक गौरव द्विवेदी ने की। मौके पर प्राचार्य डॉ जोगेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, अजीत सिंह, हरीओम सिंह, डॉ संतराम शाक्य, धीरेंद्र कुमार एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### एसडीएम ने ईओ का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया

**कालपी।** जिला प्रशासन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद कालपी के प्रभारी अधिशासी अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नगरीय निकाय के जिम्मेदार कर्मचारियों को नगर में स्वच्छता बनाए रखने तथा शासन की योजनाओं के कार्यों पर जोर देते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद के कार्यालय में पहुंच कर उन्होंने कर्मचारियों ने मुलाकात की। कर्मचारियों ने उन्हें अवगत कराया कि पालिका में स्थाई, संविदा तथा आउटसोर्सिंग में तैनात डेढ़ सैकड़ा सफाई कर्मचारी तैनात हैं। इस पर अधिकारी ने निर्देश दिए की नगर में स्वच्छता के पुख्ता प्रबंध करते रहें।

# 24 कृषकों ने मांगा ऋण, बैंकों ने नहीं ली सुधि, डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

## बैठक में जिलाधिकारी ने कार्मिकों को दिए निर्देश, जैविक खेती को बढ़ावा देने को कहा

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- पोषण वाटिकाओं में जैविक खेती कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपे



अधिकारियों के साथ बैठक लेते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम की अध्यक्षता में जिला औद्यानिक मिशन समिति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समिति तथा जिला स्तरीय औषधीय पौध मिशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के तहत लघु उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता हैं। इस योजनान्तर्गत आवेदकों ने ऋृण के लिए आवेदन किये, जिसमें से कृषकों के 24 आवेदन विभिन्न बैंकों में लम्बित हैं, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लीड बैंक मैनेजर, उद्यान अधिकारी व 10 बैंकों के मैनेजरों व बैठक में अनुपस्थित डीडी नाबार्ड द्वारा अपने कार्यों में रूचि न लेने पर स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही डीआरपी मयंक तिवारी को कार्य के प्रति रूचि न लेने पर व कृषकों को योजनाओं से वंचित रखने पर सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि माधौगढ़ तहसील में 21 पोषण वाटिका उपजिलाधिकारी द्वारा चिन्हित की गई है, जिस पर जिला उद्यान अधिकारी, कृषि अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसीएन आरएलएम को निर्देशित किया कि उक्त पोषण वाटिकाओं में फलों, सब्जियों, फूलों, मसालों, औषधियों की जैविक खेती कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पोषण वाटिका 15 दिन में तैयार कर सुपुर्दगी दी जाये। इससे आय के साथ-साथ उनके जीवन स्तर पर सुधार होगा व आत्मनिर्भर होंगी। जिला औद्यानिक मिशन की योजना के वार्षिक लक्ष्य वर्ष 2023-24 को पूर्ण न करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिये। उन्होने पपीता सात हेक्टेयर में, अमरूद 3, लाइम एण्ड लेमन्स 4, करौंदा 4, जामुन 2 हेक्टेयर, पपीता द्वितीय वर्ष अनुरक्षण 2 हेक्टेयर, इमली तृतीय वर्ष अनुरक्षण 2 हेक्टेयर कराने के लिए कहा। उन्होने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) का वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर माइक्रोइरीगेशन योजना के तहत पोर्टल पर पंजीकरण कराकर पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त पर लाभ देने को कहा। लघु सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 65 प्रतिशत का अनुदान तथा ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर में लघु सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनपद के कृषकों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, डीसी मनरेगा अवधेश दीक्षित, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, लीड बैंक मैनेजर, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव आदि अधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाई, हुई मौत

**उरई(जालौन)।** समाजवादी पार्टी के नेता जिला सचिव उरई प्रताप सिंह यादव के मौसेरे भाई और कल्लू यादव के छोटे भाई कुलदीप कुमार यादव 28 पुत्र काशीराम यादव, निवासी तिलक नगर उरई, हाल मुकाम चुर्खी रोड उरई ने कथिततौर पर फसल बर्बादी के सदमे को लेकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर इस दुखद घटना पर समाजवादी पार्टी जनपद जालौन ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए सपा विधानसभा उरई के अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव एवं उनके साथियों ने शोकसंवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गत दिनों बारिश एवं ओलावृष्टि होने से किसान प्रदीप कुमार यादव की काफी फसल नष्ट हो गयी जिसके नुकसान का सदमा न झेल पाने की बजह से घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।उन्होंने शोकसंतप्त परिवार को धैय धारण करने एवं मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।


कुलदीप

# सड़क पर सब्जी की दुकानें राहगीरों को हो रही परेशानी


सड़क पर लगी सब्जी की दुकानें, निकलते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- मौनी मंदिर के सामने लगने वाली सब्जी मंडी का मामला
- सड़क पर हर समय जाम लगने की स्थिति बनती है

**अमृत विचार।** शहर के शहीद भगतसिंह चौराहा से रीजेंसी होकर मौनी मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में सड़क के दोनों ओर फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने दुकानें लगाकर रखी हैं, जिससे हर समय जाम के हालात बन रहे हैं। इससे वहां से निकलने वाली आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के गणमान्य लोगों ने सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाये जाने की मांग उठाई है। जिससे आम जनता को सड़क से निकलने में राहत मिल सके।

बताते चले कि शहीद भगतसिंह चौराहा के आगे से रीजेंसी होटल होकर राठरोड मौनी मंदिर को जाने वाली सड़क के दोनों ओर फुटकर सब्जी विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लेने की वजह से आम रास्ते में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे लोगों का पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। उधर दोपहिया वाहनों एवं ई- रिक्शा आदि के निकलने से रोड पर घंटों जाम लग जाता है।

शहर के गणमान्य लोगों ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से मांग की है कि सड़क के आसपास से अतिक्रमण हटवाया जाए जिससे आम जनता को निकलने में राहत मिल सके।

# सैदखानपुर पड़ रहा दूर, इस्माइलपुर में मिले राशन

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- भारतीय चमार महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- ज्ञापन में बताया 5 किमी दूर है सैदखानपुर, होती है परेशानी


एसडीएम को ज्ञापन देते भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष।

**अमृत विचार।** भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार दर्जनों साथियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम लिखा चार सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम को सौंपा।

अहिरवार ने बताया कि ग्राम पंचायत वखितवारा, विख, जुरेभार, जनपद सुलतानपुर उचित दर विक्रेता द्वारा समय पर राशन वितरण नहीं किए जाने के कारण भारतीय चमार महासभा संगठन द्वारा विभाग को लगातार चार बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रकरण पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया और न ही कोई निस्तारण कराया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राणा द्वारा 5 जनवरी 2024 को जिलाधिकारी सुल्तानपुर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया इसके बाद जांच हुई और विभागीय अधिकारी द्वारा राशन की दुकान को निलम्बित कर दिया गया और गांव में टीम के माध्यम से जांच कराई गई, जिसमें सैकड़ों कार्डधारकों ने कोटेदार के विरुद्ध अपना बयान दर्ज कराया। इसमें बताया कि कोटेदार द्वारा फरवरी 2023 का राशन वितरण नहीं किया गया और जांच के समय कोटेदार के पुत्र ने भी यह स्वीकार लिया लेकिन इसके बाद भी विभागीय अधिकारी द्वारा राशन की दुकान को निरस्त नहीं किया गया है और राशन की दुकान को ग्राम पंचायत से लगभग 5 किमी दूर सैदखानपुर में सम्बद्ध कर दिया गया। जबकि ग्राम पंचायत से सटा गांव इस्माइलपुर है। इस्माइलपुर में सम्बद्ध नहीं किया गया दूरी होने के कारण कार्डधारकों को राशन लाने में परेशानी हो रही है। संगठन द्वारा यह मांग की जाती है कि ग्राम पंचायत दखिनवार का सम्बद्ध कोटा ग्राम पंचायत इस्माइलपुर में किया जाए। इस दौरान भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार, तिलक सिंह, संतोष कुशवाहा, रामू सिंह, सुनील कुमार, राकेश नीलम एडवोकेट, वालादीन वर्मा, मोतीलाल, राघवेन्द्र सिंह, कमलेश कुमार आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने बकरा सहित दो चोरों को पकड़ा

संवाददाता, कालपी (जालौन)


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के बकरे के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए है। गत दो दिनों पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर निवासी कल्लू नेता ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचित किया था कि उनके गांव में ग्रामीण द्वारा मन्नत के लिए बकरे को छोडा गया था जिसे गांव वाले खाना और पानी देकर उसकी देखभाल करते थे लेकिन गत 3 मार्च को अज्ञात बाइक सवार उसे उठा ले गए हैं। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ बकरा चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के आरोपियों की जानकारी मिली। इस पर कोतवाली प्रभारी व ज्ञान भारती चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने मौके पर जाकर बकरे के साथ खड़े गौरव उर्फ गौरी पुत्र अमर चन्द्र खटीक निवासी खेडा, हमीरपुर तथा राहुल पुत्र बदल निवासी खन्ना जिला महोबा को पकड़ लिया।

## सार-संक्षेप


कथा सुनाते भागवताचार्य।

### सुदामा की कथा सुनकर भक्त हुए भाव विभोर

**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम हरौली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन आचार्य बाल विकास रघुवर महाराज कन्हैया वृंदावन धाम ने सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भक्तों को भाव विभोर कर दी।

### 11 जोड़े बने हमसफर, आयोजकों ने खूब दिया उपहार

**उरई (जालौन)।** कस्बा डकोर में स्थित बजरंग सत्संग आश्रम में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सर्वसमाज के 11 जोड़ों को हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह के पवित्र बंधन में बांधा गया। आयोजकों ने वर-वधुओं को उपहार भेंटकर आशीर्वाद दिया। डकोर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सोमवार की देर रात रीति रिवाज से कस्बे में दूल्हों की बारात घूमी। घोड़ों पर सवार दूल्हे बैंड-बाजों के साथ बजरंग सत्संग आश्रम पहुंचे। जहां वधु पक्ष व कार्यक्रम संयोजक ज्ञानसिंह यादव, अतुल यादव, विनोद यादव ने उनका टीका व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# फसल बर्बादी का जल्द करें सर्वे

संवाददाता, कालपी (जालौन)


तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा लेखपालों के साथ बैठक करते एसडीएम।

**अमृत विचार।** तहसीलदार अभिनव तिवारी की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान ओलावृष्टि तथा असमय बारिस से क्षतिग्रस्त फसलों की सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के लिए जोर दिया गया। तहसील के सभागार में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी चुनाव को कुशलतापूर्वक निपटाने के लिए सम्बन्धित बूथों की व्यवस्था दुरुस्त रखें। आपदा प्रबंधन के कार्य में सतर्कता बरती जाये। गांव में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। डिजिटल ई क्रापपर भी चर्चा हुई। बैठक में सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिव मंगल पाठक,स्टैनो सलीम खान,सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, अशोक पाण्डे आदि मौजूद थे।

# नागेंद्र कुमार ने माधौगढ़ कोतवाली का चार्ज लिया

संवाददाता, माधौगण (जालौन)


प्रभारी नागेंद्र कुमार।

**अमृत विचार।** जालौन पुलिस अधीक्षक डॉ. इराज राजा के कुशल निर्देशन में माधौगढ़ कोतवाली का कार्यभार नागेंद्र कुमार पाठक ने संभाला है। पत्रकारों से वार्ता में बताया कि सरकार की मंसा के अनुरूप अपराधियों पर अंकुश लगाना तथा गरीबों एवं असहाय लोगों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। अपराधी कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो, उसको छोड़ा नहीं जाएगा। नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक माधौगढ़ कोतवाली से पहले कई कोतवाली व थानों का कार्यभार संभाल चुके हैं। कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक अपनी तेज तर्रार छवि लिए जाने जाते हैं। कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक के द्वारा माधौगढ़ कोतवाली का कार्यभार संभालते ही उन्होंने कई आपराधिक स्थानों पर छापेमारी कर अपराधियों को खुला संदेश दिया।

# विधान परिषद सभापति ने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के घर जाकर शोक जताया

संवाददाता, कालपी (जालौन)


शोक व्यक्त करते विधान परिषद के सभापति कुं मानवेंद्र सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीती रात को कालपी नगर में विधानपरिषद के सभापति कुं, मानवेन्द्र सिंह कालपी पहुंचे। विधान परिषद के सभापति भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान के आवास पहुंचे।

पिछले दिनों पूर्व नगर अध्यक्ष के युवा पुत्र का देहान्त हो गया था इस पर उन्होंने शोक जताया। ईश्वर से मृत आत्मा की शान्ति तथा दुखी परिवार को इस संकट की घड़ी में धैर्य धारण करने की कामना की। इस दौरान भाजपा के झांसी जिला अध्यक्ष संजय दुबे, नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव अशोक वाजपेई, भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, राठौर समाज के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अरविंद राठौर, मुन्ना चौधरी, संदीप शर्मा,रविन्द्र सिंह पूर्व सभासद, अमरदीप पांडेय, रोहिणी शर्मा आदि मौजूद थे।

**विरोध** — कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एडीएम को सौंपा, संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार का आरोप

# पश्चिम बंगाल सरकार के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


एडीएम को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, जमीन कब्जाने तथा अपराध से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों को पलायन करने को मजबूर हैं। पश्चिम बंगाल जघन्यतम अपराधों का केन्द्र बन चुका है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उरई के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ किए जा रहे अपराधों से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों की पलायन करने को मजबूर किया जा रहा है। इस दौरान जिला परिषद पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका व प्रदर्शन किया। जिला कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति को सबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कार्यक्रम में सहमंत्री चित्रांशु सिंह ने कहा, पश्चिम बंगाल में ममता सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही है तथा भ्रष्टाचारियों व अपराधियों का संरक्षण कर रही है। पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की नीति से आम जनमानस त्रस्त है। कानून व्यवस्था की स्थिति जर्जर हैं। संदेशखाली में जिन पीड़िताओं के साथ ज्यादती हुई, उनमें से अधिकांश पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं हैं। जिला सह संयोजक शशांक ने बताया कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ ज्यादती का घटनाक्रम जब सामने आया तभी से विद्यार्थी परिषद न्याय की मांग को लेकर पूरे देश के शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शन कर रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद पश्चिम बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मानपूर्ण जीवन सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। इस मौके पर अभाविप विभाग छात्रा प्रमुख, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुलेखा, जिला संयोजक सत्यम द्विवेदी, पूर्व जिला संयोजक अभय दुबे, नगर मंत्री दीपक उपाध्याय, नगर सह मंत्री सूर्यांत राजावत, अमन बुधोलिया, विशाल गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लाभार्थियों से किया संपर्क, पत्रक बांटे

**कुठौंद जालौन :** कुठौंद मंडल के शक्तिकेंद्र पंडितपुर के लाभार्थियों से संपर्क कर किसानों को प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्य मंत्री आदित्यनाथ योगी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जिला कार्यकारिणी सदस्य जयपाल सिंह ने जन चौपाल लगाकर भाजपा सरकार के पत्रक पढ़कर सुनाए, तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा शक्ति बंदन, सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य, महिलाओं को बंपर नौकरियां, महिला शक्ति केंद्र, महिलाओं को सम्मान, स्वयं सहायता समूहों को कृषि ड्रोन, राशन दुकानों में महिला की भागीदारी, उज्ज्वला योजना, महिला पीएसी बटालियन, महिला सम्मान, बचत पत्र योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूहों से स्वरोजगार, ग्राम पंचायत में बैंकिंग सखी, महिला सम्मान बचत पत्र योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, लड़कियों के लिए कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, एवं सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी वहीं पर जनमानस लोगों से मोबाइल मिस्ट कॉल भी करवाई गई। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी तिवारी उर्फ छुन्ना, शक्ति केंद्र प्रभारी दिलीप शिवहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित नखरा, सेक्टर संयोजक विनोद शुक्ला, बूथ अध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी, बूथ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, शिवपाल सिंह चंदेल, रंजीत सिंह चंदेल प्रधान प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।


पत्रक देते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# रमजान माह में समय से आए पानी और रोजाना हो सफाई

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- जिलाधिकारी को मुस्लिम समुदाय ने दिया ज्ञापन

**अमृत विचार।** रमजान माह को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट करते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग उठाई।

ईदगाह रामनगर उरई कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब अंसारी के नेतृत्व में सैयद मुकर्रम हुसैन रिजवी, शाह फैसल अतवी, इकबाल अहमद, लईक अहमद, नासिर आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को 7 सूत्रीय ज्ञापन भेंट किया। ज्ञापन में बताया कि 11 मार्च से रमजान माह शुरू होगा, जो एक माह तक निरंतर चलेगा। इसी दौरान होली, रामनवमी आदि त्यौहार भी हैं। इससे मस्जिद, मंदिरों के आसपास साफ-सफाई कर कलई डलवाई जाए तथा शहर में आवारा घूमने वाले जानवरों विशेष रूप से सुअरों पर कड़ाई के साथ अंकुश लगाया जाए तथा पेयजल की व्यवस्था को सुचारू रखा जाए।


ज्ञापन देने जाते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

# पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की गोली मार कर हत्या

## छत पर सोते समय मारी गई गोली, कानपुर के हैलट अस्पताल में हुई मौत

संवाददाता बकेवर

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक को घर के छत पर सोते समय अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने घायल युवक को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पिता के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।


शीलू सविता

बकेवर थाना क्षेत्र के कंसाही गांव के रहने वाले राजकुमार सविता का 27 वर्षीय पुत्र शीलू सविता उर्फ इंद्रकुमार पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मंगलवार रात करीब 12 बजे के आसपास अज्ञात बदमाशों ने घर के छत पर सोते समय गोली मारकर घायल कर दिया। घायल के चीख पुकार सुनकर परिजनों जब मौके पर पहुंचे तो हमलावर भाग गए। परिजनों ने युवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में भर्ती कराया। डॉक्टर ने युवक को कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन युवक को लेकर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


घर के बाहर जमा लोगों की भीड। अमृत विचार

### रात 12 बजे गोली चलने की आवाज सुनी

पिता राजकुमार ने बताया कि सोमवार की रात बेटा खाना खाने के बाद छत पर सोने चला गया। रात 12 बजे के आस पास गोली चलने की आवाज आई और बेटा चीखने लगा। जब वह पहुंचे तो गोली मारने वाले लोग भाग गए थे। बेटा पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। सीओ बिंदकी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि पिता के तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हत्या के खुलासे के लिए तीन टीमों को लगाया गया है।

### पिता ने कहा किसी से कोई दुश्मनी नहीं

मृतक के पिता ने बताया कि उनकी कोई किसी से दुश्मनी नही है और न ही किसी से वाद विवाद है। शीलू की दो बहन और एक छोटा भाई है। बड़ी बहन शिल्पा की शादी हो चुकी है। छोटी बहन स्वाती अपने दीदी के ससुराल कानपुर में थी। छोटा भाई शानू सऊदी अरब में पत्थर घिसाई का कार्य करता है। पिता राजकुमार सविता अध्यापन का कार्य करते थे, लकवा मारने से वह दिव्यांग हो गए। घर का भरण पोषण किसी तरह चल रहा है। शीलू कुछ दिनों पहले प्रयागराज से परीक्षा देकर लौट था। पुलिस परीक्षा रद्द होने के चलते वह निरन्तर अध्ययन में लगातार प्रयास कर रहा था।

# करंट की चपेट में आकर युवक की चली गई जान

**धाता।** कस्बे के महावीर नगर वार्ड के गोढवापर गांव में मंगलवार को घरेलू आटा चक्की चलाते समय करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

नगर के गोढ़वापर गांव निवासी विक्रम सिंह (30) पुत्र विजय सिंह अपने घर में घरेलू आटा चक्की में पिसाई कर रहा था। तभी अचानक करंट लगने से युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि युवक बिना चप्पल पहने आटा चक्की चला रहा था विक्रम सिंह करंट लगने के बाद अचेत होकर वही गिर पड़ा। जब इसकी खबर घरवालों को हुई तो आनन- फानन मे गांव वालों की मदद से युवक को मंझनपुर जिला अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक का पोस्टमार्टम कौशांबी के टेवा में हुआ। युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। युवक की शादी लगभग चार वर्ष पहले धाता क्षेत्र के अजरौली पल्लावां गांव में हुई थी।

# याद किए गए राष्ट्र कवि सोहनलाल द्विवेदी

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

- बच्चों की कविताओं से लेकर देश प्रेम की कई कविताएं लिखी
- उनकी कविताएं विभिन्न पाठ्य पुस्तकों में संकलित हैं

**अमृत विचार।** राष्ट्र कवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गोष्ठी में राष्ट्रकवि के व्यक्तित्व कृतित्व तथा रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों ने उन्हें एक महान कवि बताया। कहा कि उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा।

मंगलवार की सुबह कस्बे के रहने वाले राष्ट्र कवि पंडित सोहन लाल द्विवेदी की जयंती मनाई गई। उप जिलाधिकारी अनिल कुमार यादव तथा नगर पालिका की अध्यक्ष राधा साहू सहित तमाम लोगों ने राष्ट्र कवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आयोजित एक गोष्ठी में लोगों ने राष्ट्र कवि की रचनाओं की चर्चा की और उन्हें एक महान कवि बताया। वक्ताओं ने कहा कि द्विवेदी जी ने अपने जीवन काल में बच्चों की कविताओं से लेकर देश प्रेम तक की तमाम कविताएं लिखीं। उनकी कविताएं विभिन्न पुस्तकों में संकलित हैं। आज भी उनकी कविताएं लोग पढ़ते हैं।

उन्होंने बिंदकी कस्बा व क्षेत्र तथा जनपद का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी चंद्र कृष्णा पांडेय, कवित्री आकांक्षा द्विवेदी, कवि मृत्युंजय पांडेय, मुकेश द्विवेदी, शालिनी द्विवेदी, प्रकाश चंद द्विवेदी, अतुल द्विवेदी, लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर, अरुण द्विवेदी, विनोद द्विवेदी, जलकल अभियंता नीरज शुक्ला समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।


राष्ट्र कवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

### सोहन लाल द्विवेदी के नाम से मिली जिले को पहचान

**फतेहपुर।** शहर के वर्मा चौराहा पर स्थित राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की स्थापित मूर्ति पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की मौजूदगी में पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने सबसे पहले कवि सोहनलाल द्विवेदी की मूर्ति पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण किया। जयंती समारोह में पंडित सोहनलाल द्विवेदी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि पंडित जी जनपद के गौरव हैं। उनके नाम से फतेहपुर को देश में पहचान मिली है। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि सोहनलाल द्विवेदी सिर्फ राष्ट्रीय कविताओं के ही रचयिता नहीं थे बल्कि बाल कविताएं भी उन्होंने खूब लिखी है। कवि साहित्यकार आचार्य विष्णु शुक्ला ने उनके साथ बिताए गए स्मरणीय क्षणों को याद किया। राजेश तिवारी ने सोहनलाल द्विवेदी की प्रसिद्ध रचनाओं का पाठ किया। इस मौके पर चंद्र कुमार पांडे, सुधाकर अवस्थी, राजेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, अमित शिवहरे, सुरेश शुक्ला, अविनाश तिवारी, राजेश मिश्रा, विनय शरण समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की जिंदगी खत्म

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों की जानकारी पर पहुंचे मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

- हुसेनगंज, जाफरगंज व थरियांव क्षेत्र में हुए हादसे, तीनों परिवार में मचा कोहराम

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पशु बाजार के पास तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक सवार अजय रैदास पुत्र नरेंद्र रैदास को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सिर के बल सड़क पर गिर गया। सिर से खून ज्यादा बहने से बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। पिता ने नरेंद्र ने बताया कि बेटा सुबह किसी काम से घर से बाइक लेकर निकला था। पुलिस ने सूचना दिया कि उनके बेटे की मौत हो गई है। इसी तरह थरियांव थाने के लक्ष्मणपुर निवासी अशोक पासवान पत्नी सुमैना मायके हरी का पुरवा गई थी। वह पति के साथ बाइक से लौट रही थी। हथगाम रोड के नरायनपुर मोड़ पर पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। उधर, जाफरगंज थाना क्षेत्र के भारतपुर गांव के बाबादीन का डेरा निवासी विजय निषाद बिजली मैकेनिक था। वह सोमवार को गांव से बाइक से मंझेपुर बाजार जा रहा था। बाबा कुटी के पास जोनिहा की ओर जा रही लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। बेकाबू लोडर अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक लोडर छोड़कर भाग निकला। मृतक पांच भाइयों में सबसे बड़ा था।

### अलग-अलग क्षेत्र में हुए एक्सीडेंट में चार घायल

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी मुन्नी सिंह का डेरा निवासी लाल बहादुर का पुत्र राहुल अपने साथी शिव पूजन निवासी बरेड़ा के साथ बाइक से शहर स्थित नर्सिंग होम में भर्ती रिश्तेदार को देखकर वापस गांव जा रहे थे। जैसे ही वह खागा कोतवाली के महिचा मंदिर के पास पहुंचे तभी कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। वहीं असोथर थाना क्षेत्र के ही कोर्रा गांव निवासी प्रिंशू बाइक से खागा किसी काम से जा रहा था, खैरई के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर से वह घायल हो गया। शहर के बुलट चैराहा के पास बाइक व कार की टक्कर में राधानगर थाना क्षेत्र के गंगानगर कालोनी निवासी पिंटू सोनी व उसका भाई भूरा घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नदी न पार कराने पर जमकर पीटा

**जाफरगंज।** नाव से नदी पार न करने पर दबंगों ने मल्लाहों के साथ जमकर मारपीट कर दी। पीड़ितों ने पुलिस से मामले की शिकायत की है।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के गांव भुरकुसियापुर गांव निवासी राजकुमार निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि वह गांव के पांच साथियों के साथ रिंद नदी पार करके पड़ोसी गांव मजदूरी करने जा रहे थे। तभी केवाई गांव के लगभग आधा दर्जन युवकों ने नाव से नदी पार करने को कहा। देर होने का हवाला देने पर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित घायल हो गया। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# 151 प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- हाईस्कूल में गृह विज्ञान तो इंटर में व्यवसायिक विषयों की परीक्षाएं
- 352 शिक्षकों ने नहीं निभाया कक्ष निरीक्षक का दायित्व

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की डयूटी न निभाना 352 शिक्षकों महंगा पड़ रहा है। इनके प्रधानाचार्यो को डीआईओएस ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आठ मार्च तक लिखित रूप में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने की चेतावनी दी है।

इनदिनों यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। जिले में 117 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में डयूटी लगाई गई है। लेकिन 151 विद्यालयों के 352 शिक्षकों ने अपने परीक्षा केन्द्र में जाकर कार्यभार नहीं ग्रहण किया। जिससे बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया था कि 19 फरवरी तक हर हाल में शिक्षकों को अपने विद्यालय से कार्यमुक्त कर दिया जाए। शिक्षक 20 फरवरी को डयूटी लगे परीक्षा केन्द्र में जाकर अपना योगदान देंगे। बावजूद इसके 352 शिक्षकों ने ऐसा नहीं किया। परीक्षा के पहले दिन ही कई केन्द्र व्यवस्थापकों द्वारा जानकारी दी गई कि कक्ष निरीक्षक डयूटी पर नहीं आए, जिससे किसी तरह से परीक्षा सम्पादित कराई गई है। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि 151 स्कूलों के प्रधानाचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसमें सम्बंधित प्रधानाचार्य को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि सम्बंधित शिक्षकों को उनके द्वारा कार्यमुक्त किया गया या नहीं। यदि किया गया तो इसका मतलब यह है कि शिक्षकों पर प्रधानाचार्य का नियंत्रण नहीं है। शिक्षकों के खिलाफ परिषद के नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। यदि कार्यमुक्त ही नहीं किया गया तो सम्बंधित प्रधानाचार्य पर कार्यवाही तय होगी। इन सभी प्रधानाचार्यो को 8 मार्च को दोपहर दो बजे तक परीक्षा विभाग को लिखित रूप में कारण स्पष्ट करना होगा।

### पहली में 635 तो द्वितीय पाली में 203 ने छोड़ी परीक्षा

**फतेहपुर।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी निगरानी के बीच कराई गईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल के गृह विज्ञान एवं इण्टर के व्यवसायिक विषयों तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल में कम्प्यूटर और इण्टर में भूगोल के साथ कृषि विषयों की परीक्षा हुईं। दोनों पालियों में कुल 838 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में हाईस्कूल में छात्राओं के लिए कराई गई गृह विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 11702 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 604 अनुपस्थित रहे और 11098 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसी पाली में इण्टर के व्यवसायिक विषय में 888 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 857 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह से द्वितीय पाली में हाईस्कूल के कम्प्यूटर में पंजीकृत 737 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 25 गैर हाजिर रहे। वहीं इण्टर में भूगोल एवं कृषि विषयों के पंजीकृत 3805 छात्रों के सापेक्ष 3627 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 178 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल मिलाकर 838 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक समेत अन्य सचल दलों द्वारा मुख्यालय और ग्रामीणांचलों में स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षा केन्द्र में कोई भी नकलची नहीं धरा गया। डीआईओएस ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षाएं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई हैं।

# विश्वकर्मा योजना का एक सैकड़ा महिलाओं को लाभ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- योजना के तहत महाविद्यालयों की छात्राओं ने फैलाई जागरुकता

**अमृत विचार।** शहर के डा. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेविकाओं ने गढ़ीवा गांव की लगभग 100 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने आरएस वेलफेयर फाउंडेशन के साथ मिलकर महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया। फाउंडेशन के ट्रेनर द्वारा लगभग 100 महिलाओं को ब्यूटीशियन एवं सिलाई के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 105 दिन चलेगा। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद पंजीकृत महिलाओं को कौशल विकास का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रमाण पत्र मिलने के बाद महिलाएं पीएम विश्वकर्मा योजना में ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत महिलाओं को 15 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी तथा इसमें लोगों को प्रतिदिन पांच सौ रुपये का अनुदान ट्रेनिंग के दौरान दिया जाएगा।

# ओलावृष्टि से कराह उठे दोआबा के अन्नदाता

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में तीन दिनों तक बिन मौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के साथ तेज हवाओं से फसलों पर कहर बरप गया। कम अंतराल में ही चार बार बारिश एवं ओलावृष्टि हो चुकी है। जिससे जिले के अन्नदाता कराह उठे हैं। गेहूं, सरसों, चना, मसूर समेत अन्य फसलों को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। जिले में ओलावृष्टि, वर्षा की आंधी से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि प्रशासन की ओर से जो सर्वे कराया गया है वह किसानों की समझ से बाहर है। जिले में गेहूं में 8 से 10 फीसदी नुकसान बताया जा रहा है। गेहूं की फसल कहीं कहीं पर गिर गयी है। इसी तरह से सरसों का भी भारी नुकसान होना बताया जा रहा है। इसी तरह से जौ, चना, मटर, मसूर एवं आलू की फसल प्रभावित हुई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में तेज हवाओं के साथ बारिश हुयी है। कहीं कहीं ओलावृष्टि हुयी है। तेज हवाओं के कारण कहीं कहीं गेहूं की फसल गिरी है। जिसका सर्वे कराया जा रहा है।


बेमौसम बारिश के कारण खराब हुयी फसल।

**फसल सहेजने में जुटे किसान**

बदल रहे मौसम ने किसानों का चैन छीन लिया है। आठ दिन के अंतराल में बारिश व ओलों से फसलों को भारी नुकसान हुआ। मंगलवार को धूप निकलते ही किसान खेतों में पहुंचकर फसलों को सहेजने में जुट गए। फसलों के नुकसान को लेकर किसान मायूस दिखे। इस साल रबी की लहलहाती फसलों से किसानों को खासी उम्मीद थी, लेकिन बारिश के साथ चार बार गिरे ओलों ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सरसों की कटाई का काम ठप हो गया। वहीं खेतों में तैयार गेहूं के साथ सब्जी व जायद की फसलों को को क्षति होने से किसान खासे मायूस हो गए। मंगलवार को दिन में धूप निकलने के बाद खेतों में पहुंचे किसान कटी पड़ी लाही की फसल को समेटने में जुटे रहे। जबकि आलू को सुरक्षित करने की भी कवायद जारी रही।

## सार-संक्षेप

### गोदाम का गेट गिर जाने से बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के मदनपुर में सोमवार की शाम सीमेंट गोदाम का गेट बंद करते हुए अचानक गेट गिर जाने से दो बुजुर्ग दबकर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मदनपुर गांव निवासी रामखेलावन व दशरथ गांव में ही स्थित सीमेंट गोदाम का लोहे का गेट को बंद कर रहे थे तभी गेट गिर गया। जिसके नीचे दोनों दब गए। आस-पास के लोगों ने आनन-फानन दरवाजे को हटाकर घायल दोनों बुजुर्गों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान रामखेलावन ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि सीमेंट गोदाम राधानगर निवासी राजू पटेल का है।

### ऑनलाइन ठगी के 30 हजार रुपये हुए वापस

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने 17 फरवरी को पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था आनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए एक रूपया ट्रांसफर करने की बात बताकर उसके खाते से पांच बार में कुल 33 हजार एक रूपया ऑनलाइन माध्यम से ट्रांसफर कर लिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने मामला संज्ञान में लेकर साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम को त्वरित कार्यवाही के लिए आदेश दिए थे। जिस पर तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई। विधिक कार्यवाही कराते हुए 30 हजार रूपये सकुशल आवेदक के बैंक खाते में वापस कराया गया।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख को फोन पर जान से मारने की धमकी

**फतेहपुर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख और कारोबारी को फोन पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के जिवकरा निवासी सुधीर त्रिपाठी असोथर के पूर्व ब्लाक प्रमुख और बड़े कारोबारी हैं। बताया कि वह शहर के आवास विकास कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। वह बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर स्थित प्रतिष्ठान राजरानी कोल्ड स्टोरेज से रात करीब 10 बजे घर आ रहे थे। उसी समय असोथर के मूसे महाराज उर्फ अजय तिवारी ने फोन कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। उनके पास मोबाइल रिकार्डिंग भी है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### उधार खाद लेने के बाद हड़प लिए 4.89 लाख रुपये

**फतेहपुर।** खाद दुकानदार पिता-पुत्र के खिलाफ एसपी के आदेश पर 4 .89 लाख रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा बिंदकी कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है। शहर के राधानगर निवासी सोहनलाल सिंह की अंदौली पुलिया के पास खाद एजेंसी हैं। आरोप लगाया कि बिंदकी के जोनिहा निवासी जय प्रकाश ने उनकी एजेंसी से 4,89,750 रुपये की खाद उधार ली थी। रुपये न देने पर उसने तीन जुलाई 2023 को वकील के माध्यम से नोटिस भेजा। नोटिस के बाद अक्तूबर 2023 को रुपये लौटाने की बात की। मुनीम वीरेंद्र सिंह व पुत्र अमित सिंह 28 नवंबर को जय प्रकाश से रुपये लेने उसके प्रतिष्ठान जोनिहा पहुंचे तो वहां पुत्र प्रिंस के साथ उन्हें गाली देते हुए हत्या की धमकी दी। मामले की बिंदकी कोतवाली में शिकायत की। इसी खुन्नस में 16 दिसंबर को साजिश के तहत जय प्रकाश ने एक महिला से उसके खिलाफ पुलिस से झूठी शिकायत कराई। पीड़ित ने मामले की एसपी से शिकायत की। कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### महिला को गाली देकर जूतों से पीटने का आरोप

**फतेहपुर।** रात में दरवाजा न खोलने की खुन्नस में पडोसी युवक ने एक दलित महिला को जूतों से मारा पीटा। शिकायत करने पर गोली मारने की धमकी दी। मामले की थाने में शिकायत करने के बाद पुलिस पिछले पांच दिनों से महिला को दौड़ा रही है। थाने के चक्कर लगाकर परेशान पीड़िता ने सोमवार को एसपी डीएम से शिकायत की है। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम घासीपुर निवासी रेखा देवी ने शिकायती पत्र में बताया कि 15 दिन पूर्व सीतापुर निवासी राजेश रात लगभग 11 बजे बुरी नीयत से घर आकर दरवाजा खोलने के लिए कहा। महिला ने मना कर दिया। जिसकी खुन्नस में आरोपी 27 फरवरी की शाम जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसे जमीन पर पटक दिया और जूतों से मारा पीटा।

मौसम का मिजाज

काउंटर में मरीजों ने बनवाया पर्चा, डॉक्टर को दिखाने में घंटों करना पड़ रहा इंतजार

# बुखार, खांसी के मरीजों की लगी लंबी लाइन

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम में जो उतार चढ़ाव चल रहा है उससे सेहत बिगड़ रही है। खांसी, जुकाम के साथ वायरल तेजी से फैल रहा है। जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर मंगलवार को सुबह से ही मरीजों की भीड़ रही। पहले पर्चा बनवाने के लिए घंटों कतार लगानी पड़ी। पर्चा हाथ आया तो ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ा। कई मरीज तो फर्श पर कराहते हुए नजर आये। कुल 970 मरीजों ने पर्चा बनवाया और ओपीडी में डॉक्टर को दिखाया।

फिजीशियन जो मौसमी बीमारी के मरीजों का इलाज करते हैं सुबह से अपने कक्ष में मौजूद मिले। उनके पास मौसमी बीमारी के मरीजों की भीड़ रही। हालांकि हृदय रोग के डॉक्टर भी ओपीडी में बैठे थे लेकिन वह देर से बैठे इसलिए मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। कई बार वह राउंड के लिए उठे। इससे भी और दिक्कतें रहीं। शहर के पटेल नगर निवासी सुमन देवी ने बताया कि खांसी जुकाम की दवा लेने आई थी। पहले पर्चा बनवाने में आधा घंटा लगा।

डॉक्टर को दिखाने के लिए पूछना पड़ा। एक घंटे के इंतजार के बाद दवा मिल पायी। थरियांव निवासी रमेश ने बताया कि बाल रोग विशेषज्ञ अस्पताल में देर से बैठे इसलिए बच्चे के इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। बच्चे को बुखार था। बाद में डॉक्टर ने देखा तब इलाज मिला। हृदय रोग के डॉक्टर को दिखाने के लिए इंतजार करना पड़ा। फिजीशियन के कक्ष से हटकर एक मरीज फर्श पर लेटा हुआ था। बोला बुखार आ रहा है। दवा लेने आये थे। डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं। बुखार बढ़ गया है इसलिए लेट गए हैं। वहीं ओपीडी में सर्जन के पास भी मरीजों की भीड़ थी। दांत आंख के डॉक्टर के पास भी मरीज इलाज के लिए पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर समय से नहीं बैठते हैं इससे मरीजों को इलाज के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज परेशान हो रहे हैं। जिम्मेदार गंभीर नहीं है इसलिए व्यवस्थायें ठीक नहीं हो पा रही हैं।


ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### जांच रिपोर्ट को लेकर परेशान हो रहे मरीज

अस्पताल की ओपीडी में जो मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं और इनमें से जिसको जांच करानी होती है तो उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पहले दिन डॉक्टर जब जांच के लिए लिखते हैं तो लैब में जाकर बीमार सैंपल देते हैं। रिपोर्ट के लिए दूसरे दिन अस्पताल आना पड़ता है। तब जाकर डॉक्टर को दिखाकर इलाज शुरू हो पाता है। ऐसे में मरीज के तीमारदार को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लैब कर्मियों का कहना है कि हर रोज 100 से 150 करीब जांचें होती हैं। जांचें अधिक हो रही है इस कारण जिन मरीजों का देर से सैंपल मिलता है उन्हें अगले दिन आने के लिए कहा जाता है।

# पुलिस ने आधे घंटे के अंदर ही 'निपटा' दिया लूट का मुकदमा

संवाददाता किशनपुर

- किशनपुर पुलिस ने पहले लिखा था लूट का मुकदमा बाद में कर दिया खेल

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नेवाजपुर मजरे गुरुवल गांव में रविवार की शाम दो सगे भाइयों ने ट्रक ड्राइवर को पीटकर 25 हजार रुपए छीन लिए। कुछ देर बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। कुछ देर बाद पुलिस ने मारपीट समेत आरोपियों पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया। आधे घंटे के अंदर ही लूट का मुकदमा खत्म कर दिया जो क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

नेवाजपुर गांव निवासी राजकरन निषाद रविवार की शाम ट्रक लेकर मझगवां मोरम खदान मौरंग लेने जा रहा था। इस दौरान गांव के ही रहने वाले दो सगे भाई महेश निषाद व माखन निषाद ने ट्रक ड्राइवर राजकरन को पकड़कर बुरी तरीके से पीट दिया और जेब में रखें 25 हजार रुपए भी छीन लिए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। शिकायती पत्र मिलते हैं पुलिस ने आनन-फानन पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया। लूट का मुकदमा दर्ज करने के आधे घंटे के बाद पुलिस ने गवाह व बयानों के आधार पर तुरंत लूट की धारा हटा दी। और थोड़ी देर बाद पुलिस ने महज मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दिया। जो चर्चा का विषय बनी हुई है। सवाल यह है कि जांच के नाम पर महीनों लगा देने वाली पुलिस ने एक घंटे में ही जांच कैसे पूरी कर ली। किशनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। कुछ देर बाद लूट का मामला फर्जी पाया गया।

